रोहतक
बुधवार, 19 फरवरी 2025
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष,
सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 20
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 29.6
न्यून. 10.0

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 75,967.39 | 29.47 ▼ |
| निफ्टी | 22,945.30 | 14.20 ▼ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 88,500 /- | 300/- ▲ |
| चांदी | 99,200/- | 800/- ▲ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | मंदी/तेजी |
|---|---|---|
| रुपया | 86.96 | 8 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल | 75.77/ बैरल | 0.73% ▲ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

# महाकुंभ में सड़कों पर गाड़ियां तो संगम में नावों का लगा महाजाम

**प्रयागराज(एजेंसी)।** महाकुंभ में अब सिर्फ 8 दिन शेष बचे हैं, लेकिन श्रद्धालुओं की भीड़ कम नहीं हो रही। एक ओर सड़कों पर गाड़ियां रेंग रही हैं, दूसरी तरफ संगम में नावों का महाजाम लग गया। संगम आने वाले रास्तों पर लंबा जाम लगा है। पुलिस ने डायवर्जन के लिए टीन शेड लगाए हैं। प्रयागराज की स्थिति ऐसी है कि मेन रोड के साथ गलियां भी फुल हैं। शटल बस और ई-रिक्शा चल रहे हैं। लेकिन भीड़ ज्यादा होने से श्रद्धालुओं को संगम तक पहुंचने के लिए 10-12 किमी पैदल चलना पड़ रहा है। मंगलवार को भी सवा करोड़ से अधिक लोगों ने संगम में डुबकी लगाई है। यूपी सरकार के मुताबिक अब तक 55.45 करोड़ से अधिक लोग संगम में डुबकी लगा चुके हैं।

**मंगलवार को सवा करोड़ से अधिक ने किया स्नान अब तक 55.45 करोड़ से अधिक लगा चुके डुबकी**



### प्रयागराज में गंगा–यमुना का पानी स्नान लायक नहीं

महाकुंभ में संगम में स्नान चल रहा है। इस बीच सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी ) की रिपोर्ट दावा किया गया है कि दोनों नदियों का पानी स्नान के लायक नहीं रहा। सीपीसीबी ने 17 फरवरी को रिपोर्ट एनजीटी में दाखिल की है। प्रयागराज में 9 से 21 जनवरी के बीच 73 अलग-अलग जगहों से पानी के सैंपल लिए थे। जांच में ज्यादातर में फीकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया की मात्रा मानक से अधिक मिली है।

# महिलाओं के लिए कैंसर का टीका 5 से 6 माह में मिलेगा

**छत्रपति संभाजीनगर।** केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने मंगलवार को कहा कि महिलाओं को होने वाले कैंसर के इलाज के लिए पांच से छह महीने में टीका उपलब्ध हो जाएगा। यह 9 से 16 वर्ष की लड़कियों को लगाया जाएगा। केंद्रीय आयुष मंत्री ने कहा कि टीके पर शोध का कार्य पूरा हो चुका है और परीक्षण जारी हैं। देश में कैंसर के मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है और केंद्र सरकार ने इस मुद्दे को हल करने के लिए कदम उठाए हैं। 30 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं की अस्पतालों में जांच की जाएगी और बीमारी का जल्द पता लगाने के लिए 'डेकेयर कैंसर सेंटर' स्थापित किए जाएंगे। सरकार ने कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाओं पर सीमा शुल्क भी हटा दिया है।




**महाराष्ट्र में केंद्रीय मंत्री प्रतापराव जाधव ने बताया नौ से 16 वर्ष की लड़कियां इसके लिए पात्र होंगी**

### इन कैंसरों का इलाज

यह पूछे जाने पर कि यह टीका किन कैंसरों से निपटेगा, जाधव ने बताया कि इससे स्तन, मुख और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से निपटने में मदद मिलेगी। जाधव ने मौजूदा स्वास्थ्य केंद्रों को आयुष केंद्रों में बदलने के बारे में पूछे जाने पर कहा कि अस्पतालों में आयुष विभाग हैं और लोग इन सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश में ऐसे 12,500 स्वास्थ्य केंद्र हैं और सरकार इन्हें बढ़ा रही है।

# खनन कारोबारी पहल भाइयों पर आयकर विभाग के छापे

**बाढ़ड़ा/भिवानी (हरिभूमि न्यूज)।** भिवानी के बाढ़डा में खनन कारोबारी पहल भाइयों के कार्यालयों और घरों पर मंगलवार सुबह आयकर विभाग की टीम ने छापेमारी की। सुबह 22 सदस्यीय टीम ने सीआरपीएफ जवानों के साथ अटेला कलां माइनिंग जोन स्थित माइनिंग कंपनियों के कार्यालयों और दादरी व दातौली गांव में स्थित मकानों पर जांच की। वहीं, माइनिंग जोन में आयकर टीम कार्रवाई के चलते सैंकड़ों डंपर भी फंसे हुए हैं। आयकर विभाग की टीम के एक कर्मचारी के अनुसार विभाग के डिप्टी डायरेक्टर विकास जाखड़ की अगुवाई में 22 सदस्यीय टीम सीआरपीएफ जवानों के साथ दादरी शहर की एमसी कॉलोनी स्थित सोनू और मोनू पहल के आवास के अलावा उसके गांव दातौली गांव में मकान पर भी पहुंची।

### भिवानी में सुबह पहुंची 22 सदस्यीय टीम



**माइनिंग कंपनियों के ऑफिस और मालिकों के गांव दादरी दातौली में घर खंगाले**

### सभी के फोन बंद करवाए

सोनू व मोनू पहल क्रशर ठेकेदार स्व. जगदीश पहल के बेटे हैं। टीम ने अटेला कलां के माइनिंग जोन स्थित उनके दो कार्यालयों पर दबिश दी। इस दौरान किसी को बाहर से अंदर और अंदर से बाहर नहीं जाने दिया। सभी के फोन बंद करवा दिए। मशीन ऑपरेटर्स को भी नहीं निकलने दिया। माइनिंग क्षेत्र में फंसे डंपर चालक सतीश व नरेश ने बताया कि छापेमारी के चलते कामकाज बंद है। ट्रक ड्राइवरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## अंदर के पन्नों पर

- लोकसभा-विधानसभा की तर्ज पर लड़ेंगे निकाय चुनाव पेज-2
- बैग बचाने के लिए बदमाशों से भिड़ा .... पेज-3
- राहुल ने सीईसी चयन को लेकर उठाए सवाल पेज-8

## खबर संक्षेप

### कश्मीर में सीआरपीएफ जवान ने की आत्महत्या

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के उधमपुर में सीआरपीएफ के जवान ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने बताया कि जवान जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर टिकरी इलाके में तैनात 'सड़क खोलने वाले दल' का हिस्सा था, जब उसने खुद को गोली मार ली। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान महाराष्ट्र निवासी प्रवीण पाटिल के रूप में हुई है। भाषा

### डिस्काउंट देने के नाम पर 500 करोड़ की ठगी

**नई दिल्ली।** ईडी ने केरल में 12 जगहों पर सीएसआर फंड घोटाले के मामले में छापेमारी की। इस घोटाले के मुख्य आरोपी अनंथु कृष्णन के पास 21 बैंक अकाउंट हैं और उसने लोगों को धोखा देकर 548 करोड़ रुपए इकट्ठे कर लिए। सूत्रों के मुताबिक, ईडी ने मंगलवार को मुख्य आरोपी 26 वर्षीय अनंथु कृष्णन से जुड़े ठिकानों की तलाशी ली। इसके अलावा एनजीओ श्री सत्य साईं अनाथालय ट्रस्ट के अध्यक्ष केएन आनंद कुमार और कांग्रेस नेता लाली विंसेंट के परिसरों की भी तलाशी ली गई है।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने गृहमंत्रालय को दी मंजूरी, गिरफ्तारी जल्द

# आप नेता जैन के खिलाफ चलेगा धन शोधन का केस

## जमीन खरीद-फरोख्त से जुड़ा मामला, चार कंपनियों के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के धन शोधन मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जैन (60) के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 218 के तहत मंजूरी मांगी गई थी। सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्रालय ने ईडी की जांच और 'पर्याप्त सबूतों' के आधार पर जैन के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने के लिए राष्ट्रपति से अनुरोध किया था। बीएनएसएस की धारा 218 लोक सेवकों और न्यायाधीशों के खिलाफ मुकदमे से संबंधित है। यह आधिकारिक कर्तव्यों का पालन करते समय किए गए कथित अपराधों के लिए आरोपित के खिलाफ आरोप लगाने की प्रक्रिया को रेखांकित करती है। अब ईडी एक नया पूरक आरोपपत्र दाखिल कर अदालत को राष्ट्रपति द्वारा मुकदमा चलाने की मंजूरी के बारे में सूचित करेगा।

### हवाला सौदों से जुड़े मामले में केस



ईडी ने जैन के खिलाफ कथित हवाला सौदों से जुड़े धन शोधन का मामला दर्ज किया और मई 2022 में उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में वे 872 दिन तिहाड़ जेल में रहे। जब जैन को ईडी की हिरासत में लिया गया था, तब उनके पास स्वास्थ्य, बिजली और कुछ अन्य विभाग थे। फिलहाल वह जमानत पर बाहर हैं और ईडी ने उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। अब उनकी जल्द गिरफ्तारी को सकती है।

### यह बोले आप प्रवक्ता

आप प्रवक्ता और वकील सर्वेश मिश्रा ने बताया, 'यह कानून है कि विधायक, मंत्री के खिलाफ केस करने के लिए गृह मंत्रालय को राष्ट्रपति की परमिशन लेनी होती है, लेकिन कई मामले ऐसे आए जिसमें सीबीआई, ईडी ने बिना परमिशन लिए केस किया, गिरफ्तारी की और बाद में परमिशन ली।'

### आप नेता पर ये आरोप

ईडी ने आरोप लगाया था कि सत्येंद्र ने उनसे जुड़ी 4 फर्जी कंपनियों के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग की। इन फर्जी कंपनियों के जरिए आए पैसे का इस्तेमाल 14 फरवरी 2015 से 31 मई 2017 के बीच कई लोगों के नाम पर चल संपत्तियां खरीदने में किया गया। इसके अलावा, दिल्ली और उसके आसपास कृषि भूमि की खरीद के लिए लोन अदायगी में भी किया गया था। जैन के मालिकाना हक वाली कई कंपनियों ने हवाला के माध्यम से कोलकाता स्थित एंट्री ऑपरेटरों को कैश ट्रांसफर के बदले शेल कंपनियों से 4.81 करोड़ रुपये प्राप्त किए। सत्येंद्र के अलावा उनकी पत्नी पूनम जैन, अजित प्रसाद जैन, सनील कुमार जैन, वैभव जैन और अंकुश जैन के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया था।



सूबेदार संतोष और नायब सूबेदार सुनील की मौत

# लद्दाखः पानी की टंकी फटी दो जेसीओ की जान गई

**लेह (एजेंसी)।** लद्दाख में एक दुर्घटना में दो जूनियर कमीशंड अधिकारियों (जेसीओ) की मौत हो गई। सेना ने कर्तव्य पालन के दौरान प्राण न्यौछावर करने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। एक अधिकारी ने बताया कि न्योमा इलाके में एक कैंप में पानी की टंकी फटने से सूबेदार संतोष कुमार और नायब-सूबेदार सुनील कुमार की मौत हो गई। यह क्षेत्र लेह से 150 किलोमीटर दूर दक्षिणी लद्दाख में स्थित है। यह घटना रविवार को हुई थी और पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल सुचिंद्र कुमार ने शहीद सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को नमन किया।

**इलाहाबादिया को राहत देते हुए शीर्ष अदालत ने लगाई फटकार**

# इनके दिमाग में गंदगी, ऐसे व्यक्ति को क्यों सुने कोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूब कार्यक्रम के दौरान कथित अशोभनीय टिप्पणी करने के लिए सोशल मीडिया 'इन्फ्लुएंसर' रणवीर इलाहाबादिया के खिलाफ दर्ज कई प्राथमिकियों को लेकर मंगलवार को उन्हें राहत देते हुए गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान किया। लेकिन शीर्ष कोर्ट उन टिप्पणियों के लिए उनकी आलोचना करते हुए कड़ी फटकार भी लगाई। अदालत ने इसे विकृत मानसिकता का प्रदर्शन' बताया। कोर्ट ने दो टूक कहा है कि इनके दिमाग में गंदगी भरी है। ऐसे व्यक्ति का केस हम क्यों सुनें। पॉपुलर होने का मतलब यह नहीं कि आप कुछ भी टिप्पणी करें। आप लोगों के माता-पिता की बेइज्जती कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि आपके दिमाग में कुछ गन्दगी है, जिस विकृत मानसिकता का प्रदर्शन किया गया है, उससे पूरा समाज शर्मिंदा होगा।

**इलाहाबादिया को गिरफ्तारी से संरक्षण मिला**

**यूट्यूब कार्यक्रम पर टिप्पणी के लिए खिंचाई**



### यह है मामला

'बीयरबाइसेप्स' के नाम से मशहूर इलाहाबादिया के खिलाफ हास्य कलाकार समय रैना के यूट्यूब कार्यक्रम 'इंडियाज गॉट लैटेंट'' में माता-पिता और यौन संबंध को लेकर टिप्पणी करने के लिए कई प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने यह सुनवाई की। पीठ ने कई राज्यों में दर्ज मुकदमों को एक साथ जोड़ने की मांग पर नोटिस जारी किया है। इसमें संबंधित राज्यों को अपना पक्ष रखने के लिए कहा गया है।

### फतेहाबाद के स्कूल में फंदा लगने से बच्ची की मौत

**फतेहाबाद (हरिभूमि न्यूज)।** ढाणी टाहली वाली में मंगलवार को सुबह स्कूल के प्ले ग्राउंड में खेल रही 4 साल की बच्ची के गले में झूले का फंदा लगने से मौत हो गई। यूपी निवासी कमाल अहमद गांव टाहली वाली ढाणी में रहता है। उसकी 4 वर्ष की बच्ची आसमीन सरकारी स्कूल में झूले पर झूला झूल रही थी कि अचानक रस्सी उसके गले में अटक गई और फंदा लगने से उसकी मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे गांव में शोक की लहर दौड़ गई

**सरकारी स्कूल में झूला झूलते समय दर्दनाक हादसा**

### कोर्ट ने केंद्र से 'रील्स' से जुड़े नियमों की मांगी जानकारी

**ग्वालियर (एजेंसी)।** सोशल मीडिया पर अश्लीलता व रील्स के जरिए उसका प्रचार करने के खिलाफ देश में पहली बार याचिका दायर हुई। ग्वालियर के अनिल बनवारिया ने याचिका में सोशल मीडिया पर रील्स के जरिए अश्लील सामग्री दिखाए जाने और इसके समाज पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों पर चिंता जताई गई है। हाईकोर्ट में मामले केंद्र सरकार से सोशल मीडिया रील्स से जुड़े नियमों की जानकारी मांगी है।

**अश्लील कंटेंट को लेकर ग्वालियर हाई कोर्ट में याचिका**

### सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए आवेदन 21 तक कर सकेंगे

**नई दिल्ली (भाषा)।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने इस साल की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 फरवरी तक बढ़ा दी। आईएएस, आईएफएस और आईपीएस के के चयन के वास्ते यूपीएससी की ओर से हर साल तीन चरणों (प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार) में आयोजित की जाने वाली परीक्षा के पहले चरण के लिए आवेदन की समय सीमा दूसरी बार बढ़ाई गई है।

**यूपीएससी ने अंतिम तिथि बढ़ाई**

**शंखनाद** आर्ट ऑफ लिविंग ने नशे के खिलाफ छेड़ा महा-अभियान

*जींद में आध्यात्म से जुड़कर जीवनशैली को सुधारने का आह्वान किया*

# एक गोत्र, गांव में शादी वैज्ञानिक तौर पर भी गलत : श्रीश्री रविशंकर

**जींद (हरिभूमि न्यूज)।** आर्ट ऑफ लिविंग के गुरु श्रीश्री रविशंकर ने मंगलवार को प्रदेश के लोगों से नशा छोड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को गांव को समृद्ध बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। हरियाणा के गांवों से नशे की गंध आ रही है, जिससे बचने के लिए योगासन करें। एक गोत्र और एक ही गांव में शादी करना वैज्ञानिक तरीके से ठीक नहीं है। वैज्ञानिक भी इसे नकार चुके हैं। वह भी एक गांव, एक गोत्र में शादी करने का विरोध करते हैं। वैज्ञानिक एक गौत्र मे विपरित प्रभाव के बारे में पहले बता चुके है। प्रदेश की खाप हिंदू मैरिज एक्ट में संशोधन करने और एक गांव एक गोत्र में शादी को प्रतिबंधित करने तथा बिना मां-बाप की इजाजत के लव मैरिज नहीं करने की बात कहती रही हैं। जिसका उन्होंने समर्थन किया है। कार्यक्रम में विस उपाध्यक्ष डा. कृष्ण लाल मिड्ढा, खापों के चौधरी, जाने-माने खिलाड़ी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### नस्ल बचाओ, फसल बचाओ अभियान शुरू



श्रीश्री रविशंकर ने श्रीधाम सोसायटी में आयोजित आध्यात्मिक संगम को संबोधित किया। उन्होंने नस्ल बचाओ, फसल बचाओ अभियान की शुरुआत करते हुए आह्वान किया कि लोग चिंता छोड़कर चिंतन करें। आध्यात्मिक से जुड़कर जीवनशैली को सुधारें। अगर मन प्रसन्न होगा तो व्यक्ति आगे बढ़ेगा। रविशंकर ने कहा, जब वे हेलीकॉप्टर से आ रहे थे तो उन्होंने नीचे खेत तो देखे, लेकिन पेड़ नहीं देखे। उन्होंने किसानों से कहा कि वे अपने खेत की वृक्षों से चार दिवारी बनाएं।

### ऐसे लगेगी तलाक पर रोक

इस आध्यात्मिक संगम में दो प्रश्न रविशंकर के सामने रखे गए। पहला था कि आज समाज में तलाक बढ़ रहे हैं, इस पर उन्होंने कहा कि तलाक बढ़ने का सबसे बड़ा कारण तनाव है। आम व्यक्ति को योग, प्राणायाम और ध्यान की तरफ बढ़ना चाहिए, जिससे मन शांत हो। इससे तलाक पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। एक किसान के सवाल पर कहा कि वह खेत में एक किलो गेहूं डाल कर हजार किलो गेहूं पैदा करता है। उसके बावजूद वह नुकसान में है, लेकिन एक व्यक्ति एक किलो गेहूं खरीद कर उसका दलिया बना कर बेचता है और वह फायदे में है।



# प्रदेश में डॉक्टरों की रिटायरमेंट उम्र बढ़ाने पर मंथन

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

अलग खबर

हरियाणा में चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति आयु को लेकर एक बार फिर से सुगबुगाहट होने लगी है। डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए दूसरे प्रदेशों यूपी, चंडीगढ़, राजस्थान की तर्ज पर उम्र बढ़ाने को लेकर राज्य की नायब सरकार भी चिंतन-मंथन होने लगा है। हरियाणा सिविल मेडिकल एसोसिएशन बैठक बुलाकर इस बारे में विचार मंथन करेगी। इसके बाद हरियाणा सरकार और स्वास्थ्य विभाग अफसरों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यहां उल्लेखनीय है कि हरियाणा गठन के बाद से प्रदेश में चिकित्सकों की शार्टेज चलती रही है। कई दशक बीत जाने के बाद भी दूरे-दराज गांवों, कस्बों में डॉक्टरों की कमी का मामला विधानसभा के लगभग हर सत्र के दौरान उठता रहा है।

## यूपी, बिहार सहित कई प्रदेशों में रिटायरमेंट उम्र बढ़ी

### मुख्यमंत्री और अफसरों से विचार करेंगे

प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव का कहना है कि एनएचएम के माध्यम से 777 चिकित्सकों की भर्ती, वेरिफिकेशन आदि की



प्रक्रिया को तेज कर दिया गया है। उन्होंने पूछे जाने पर कहा कि प्रदेश के हर हिस्से में आम लोगों के लिए डाक्टर उपलब्ध रहें, इस दिशा में सरकार पूरी तरह से गंभीर है, इस दिशा में काम कर रहे हैं। बाकी रिटायरमेंट उम्र सीमा बढ़ाए जाने संबंधी मामले में मुख्यमंत्री और सेहत विभाग के अफसरों से विचार मंथन के बाद ही कोई कदम उठाया जाएगा। पड़ोस के किन किन राज्यों में उम्र सीमा बढ़ाई गई है, साथ ही किस तरह से काम लिया जा रहा है, इस पर मंथन हो रहा है।

### करना होगा क्लीनिकल काम

सूबे में राज्य सरकार की ओर से डॉक्टरों के रिटायरमेंट के बाद में उन्हें बतौर कंसलटेंट रखे जाने का प्रावधान किया गया है। प्रदेश में नियमों के हिसाब से 58 वर्ष की आयु में डॉक्टरों को रिटायर हो जाने के बाद में बतौर कंसलटेंट 65 तक रख लिया जाता है। दरअसल, राज्य सेहत विभाग के आला अफसर और सरकार चाहती है कि रिटायरमेंट के बाद भी डॉक्टर मरीजों को देखें और क्लीनिकल काम करें। लेकिन अधिकांश डॉक्टर री-इंप्लॉयमेंट के बाद ओपीडी और क्लीनिकल काम के स्थान पर दफ्तरों में प्रशासनिक काम ज्यादा पसंद करते हैं।

### डॉक्टरों की कमी को देखते हुए ठीक कदम : डॉ. राजेश ख्यालिया

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज (एचसीएमएस) प्रदेशा अध्यक्ष डॉक्टर राजेश ख्यालिया और मीडिया कोऑर्डिनेटर अमरजीत सिंह चौहान का कहना है कि सभी राज्यों में डॉक्टरों की कमी को देखते हुए कई राज्यों ने अपने अपने यहां पर उम्र सीमा को बढ़ा दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिटायरमेंट की उम्र सीमा बढ़ाए जाने के लिए खुद ही कहा था। जिसके बाद में भाजपा शासित और अन्य राज्यों ने उम्र सीमा को बढ़ाने का काम किया है। एसोसिएशन ने कई वर्ष पहले प्रदेश के अंदर डॉक्टरों की रिटायरमेंट आयु 62 करने संबंधी ज्ञापन सौंपा था। लेकिन एक बार फिर से इस मसले पर एसोसिएशन में विचार मंथन कर राज्य सरकार को ज्ञापन सौंपे जाएंगे।

स्वास्थ्य विभाग के एसीएस ने दिए निर्देश

# डॉक्टर अनैतिक कार्य में संलिप्त पाया तो मेडिकल पंजीकरण तत्काल रद होगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) सुधीर राजपाल ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा है कि वे इस सप्ताह के भीतर सभी एमटीपी (मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी) और अल्ट्रासाउंड केंद्रों की गहन जांच सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य प्राधिकरण के मानदंडों का उल्लंघन करने वाले ऐसे किसी भी केंद्र के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि यदि कोई डॉक्टर इन केंद्रों पर गड़बड़ी में लिप्त पाया जाता है, तो स्वास्थ्य विभाग उनके मेडिकल पंजीकरण को तत्काल रद करने के लिए हरियाणा मेडिकल काउंसिल को सूचित करें। यहां स्वास्थ्य और महिला एवं बाल कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में सुधीर राजपाल ने स्पष्ट किया कि अवैध गतिविधियों, विशेष रूप से लिंग निर्धारण और लिंग आधारित भेदभाव में शामिल लोगों को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

### इस हफ्ते अल्ट्रासाउंड केंद्रों की गहनता से जांच करें



### सीएमओ नजर रखें

एसीएस ने मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (सीएमओ) को सभी गर्भपात मामलों पर नजर रखने और उनका विश्लेषण करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि सभी अल्ट्रासाउंड मशीनों में कार्यात्मक ट्रैकर होने चाहिए जो लिंग निर्धारण परीक्षण किए जाने पर स्वास्थ्य अधिकारियों को एसएमएस अलर्ट भेजते हैं।

## खबर संक्षेप

### सेकेंडरी और सीनियर सेकेंडरी परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड लाइव

**चंडीगढ़।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) नियमित/स्वयंपाठी वार्षिक परीक्षा फरवरी/मार्च-2025 के लिए प्रवेश-पत्र (एडमिट कार्ड) आज से बोर्ड वेबसाइट पर जारी कर दिए गए हैं। सेकेंडरी वार्षिक परीक्षाएं 28 फरवरी से 19 मार्च तक तथा सीनियर सेकेंडरी की परीक्षाएं 27 फरवरी से 29 मार्च, 2025 तक होंगी। बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि इन परीक्षाओं में प्रदेशभर में 1431 परीक्षा केन्द्रों पर करीब 516787 परीक्षार्थी प्रविष्ट होंगे। जिसमें 2,72,421 लड़के व 2,44,366 लड़कियां शामिल हैं। परीक्षाओं का समय दोपहर 12:30 बजे से 3:30 बजे तक रहेगा।

### युवाओं का अमेरिका से डिपोर्ट बेहद चिंताजनक

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने अमेरिका से डिपोर्ट हुए हरियाणवी युवाओं के विषय को बेहद चिंताजनक व गंभीर बताया और कहा कि सरकार को हरियाणा में युवाओं को रोजगार देने के लिए बेहतर काम करना होगा। आज युवा रोजगार की तलाश में विदेश की ओर रूख कर रहे है। अपनी जमीन बेचकर लाखों रुपए लगाकर गए युवाओं का अमेरिका में हथकड़ियां लगाकर अपमान हुआ।

मेयर और चेयरमैन प्रत्याशियों के साथ कुरुक्षेत्र में हुई भाजपा की बैठक, सीएम बोले

# लोकसभा और विधानसभा की तर्ज पर लड़ा जाएगा नगर निकाय चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

भाजपा ने मंगलवार को कुरुक्षेत्र में प्रदेश स्तरीय बैठक कर ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने की रणनीति को अंतिम रूप दे दिया है। बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने मंत्रियों, विधायकों और निकाय चुनाव के मेयर, चेयरमैन उम्मीदवार, भाजपा जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों व प्रदेश पदाधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष के साथ मंच पर मंत्री कृष्णलाल पंवार, मंत्री कृष्ण बेदी, मंत्री महिपाल ढांडा, मंत्री श्याम सिंह राणा, पूर्व सांसद संजय भाटिया सहित जिला अध्यक्ष आदि मौजूद रहे। बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने निकाय चुनाव को लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तर्ज पर लड़ने की बात कही। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने बताया कि जनता से जुड़े मुद्दों को अपने प्रचार के दौरान जनता के बीच लेकर जाएगी और योजनाओं का प्रचार किया जाएगा।





कुरुक्षेत्र। प्रदेश स्तरीय बैठक में मौजूद प्रत्याशी, भाजपा कार्यकर्ता और मंच पर मौजूद सीएम नायब सैनी, मोहन लाल बड़ौली, कृष्ण लाल पंवार और अन्य मंत्री।

### 9 सदस्यीय संकल्प पत्र समिति बनाई

बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए नगर निकाय चुनाव को जीतना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि 9 सदस्यीय संकल्प पत्र समिति का गठन हो गया है। इस समिति में मंत्री विपुल गोयल, मंत्री कृष्ण बेदी, विधायक शक्ति रानी शर्मा, विधायक निखिल मदान, मेयर कुलभूषण गोयल, प्रदेश उपाध्यक्ष वेदपाल एडवोकेट, पूर्व मेयर मदन चौहान, पूर्व मेयर अवनीत कौर और विजयपाल एडवोकेट को शामिल किया गया है। सैनी ने कहा कि लोगों के सुझावों को हम संकल्प पत्र में शामिल करेंगे। निकाय चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह है। पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने बड़े काम किए हैं। सैनी ने कहा कि सरकार की योजनाओं को जनता के बीच पहुंचाना है। हमारी सरकार ने जो काम किए हैं वो तो बताने ही हैं साथ ही होने वाले कार्यों की भी गारंटी देनी है।

### केंद्रीय मंत्री तक जनता के बीच होंगे

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हमारा विजन स्पष्ट है, लोगों की सेवा करना ही हमारा कर्तव्य है। नगर निकाय चुनाव में सरकार के मंत्री, विधायक, सांसद, केंद्रीय मंत्री लोगों के बीच रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में लगातार भाजपा की सरकार बन रही है। हर पात्र परिवार तक योजनाएं पहुंच रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि कमल के फूल को ही प्रत्याशी मानकर हमें कमल खिलाना है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने पदाधिकारियों और उम्मीदवारों को चुनाव में तालमेल से सभी कार्यकर्ताओं का साथ लेकर काम करना भी समझाया। उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकर्ता अनुशासित है और उत्साह से भरे हुए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को विश्वास दिलाया कि झूठ और फरेब की राजनीति करने वाली कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलने देंगे।

### 35 मुद्दों को किया चिन्हित

बैठक से पहले पत्रकार वार्ता करके भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा ने अपना चुनावी एजेंडा तैयार कर लिया है। राज्य और केंद्र सरकार के 35 मुद्दों को चिन्हित किया गया है। चुनाव में प्रचार के लिए बड़े लीडर के बुलाए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि उम्मीदवार की डिमांड होगी तो राष्ट्रीय नेताओं को बुलाने से पार्टी कोई परहेज नहीं करेगी। डबल इंजन की सरकार के सभी मुद्दों को पंपलेट के जरिए घर-घर पहुंचाने का काम निकाय चुनाव में करेंगे। उन्होंने कहा कि नगर निगम, नगरपरिषद, नगर पालिका के अलग-अलग पंपलेट होंगे। पंपलेट पर योजनाएं होंगी और संकल्प पत्र में क्षेत्र के हिसाब से ही मुद्दों को शामिल किया जाएगा। प्रेसवार्ता में कुरूक्षेत्र जिला अध्यक्ष सुशील राणा, जिला मीडिया प्रभारी शैलेस वत्स, विक्रम शर्मा मौजूद रहे।


## हरियाणा लोक सेवा आयोग
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

### परिणाम (संशोधित)

सीडब्ल्यूपी नं. 22114/2023 और 23085/2023 में माननीय उच्च न्यायालय आदेशों दिनांक 18.11.2024 के अनुपालन में और 29.08.2023 को घोषित अन्तिम परिणाम की निरंतरता में, हरियाणा लोक सेवा आयोग ने एचएसआईआईडीसी विज्ञा. सं. 1(8) ऑफ 2018 में मैनेजर (यूटिलिटी) के पद हेतु अन्तिम परिणाम को संशोधित कर दिया है, जो निम्नानुसार है :-

**एचएसआईआईडीसी में मैनेजर (यूटिलिटी)**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 4321 | 4451 | 4534 | 4735 | 5435 | 5788 |

आगे, अनुक्रमांक 4769, 4816 और 5571 वाले उम्मीदवारों के सम्बन्ध में अनुशंसाएं एतद द्वारा वापस ले ली गई हैं।

**टिप्पणी :-**

1. उपरोक्त परिणाम माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष लम्बित सीडब्ल्यूपी नं. 4616/2023 के अन्तिम निर्णय के अधीन है।
2. यद्यपि परिणाम तैयार करने में यथोचित सावधानी बरती गई है। तथापि, अनजाने में किसी त्रुटि से इंकार नहीं किया जा सकता है। आयोग किसी त्रुटि को बाद में किसी स्तर पर सुधारने का इसका अधिकार सुरक्षित रखता है।

हस्ता/- सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
पंचकूला

दिनांक : 18.02.2025

संवाद-1156/13/305/2025/32422/88/6 दि. 18.02.25


कुरुक्षेत्र में सीएम नायब सैनी ने साधा निशाना

# राहुल गांधी ट्वीट मास्टर, जमीनी हकीकत नहीं पता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी केवल टवीट मास्टर है। इस नेता ने केवल ट्वीट करना ही सीखा है और जमीनी हकीकत की रत्ती भर भी जानकारी नहीं है। इसलिए कांग्रेस की जमीन पूरी तरह खिसक चुकी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि 2 मार्च को नगर निकाय के चुनाव होने जा रहे है। इन चुनावों के लिए नगर निगम के मेयर पद प्रत्याशी, नगर परिषद चेयरमैन के प्रत्याशियों, नगर पालिका के चेयरमैन के प्रत्याशियों के साथ-साथ मंत्रीगण और पार्टी के नेताओं के साथ कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर विस्तार से चर्चा की गई और चुनावी योजना तैयार की।

### कांग्रेस झूठ बोलने वाली पार्टी



एक अन्य प्रश्न का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में कांग्रेस पार्टी सबसे बड़ा झूठ बोलने वाली पार्टी है। इस पार्टी से ही आप पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने झूठ बोलना सीखा और आप नेता अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता के सामने कांग्रेस से भी बड़ा झूठ बोला और लोगों को बहकाकर सत्ता हासिल की। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली के नागरिकों को आप नेता केजरीवाल की असलियत का पता चल चुका है और असलियत से पर्दा उठ चुका है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद लगाई विवेक जोशी के कामकाज पर मुहर

**चंडीगढ़।** हरियाणा कैडर के 1989 बैच के प्रतिष्ठित आईएएस अधिकारी डॉ. विवेक जोशी को भारत के नए निर्वाचन आयुक्त के रूप में नियुक्त किया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने जोशी के काम पर लगाई मुहर तीन माह के तुरंत बाद एक बार फिर से केंद्र में हुई वापसी। मृदुभाषी और अपने काम में व्यस्त रहने वाले जोशी ने काम के बल पर पीएमओ में बनाई खास जगह। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली एक चयन समिति द्वारा इस प्रतिष्ठित पद के लिए डॉ. जोशी के नाम की सिफारिश किए जाने के बाद यह घोषणा की गई। वे तीन सदस्यीय चुनाव आयोग में शामिल होंगे, जिसमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश प्रकाश और निर्वाचन आयुक्त सुखबीर सिंह संधू शामिल हैं। डॉ. जोशी जो टीवीएसएन प्रसाद की सेवानिवृत्ति के बाद 1 नवंबर, 2024 से हरियाणा के मुख्य सचिव के रूप में कार्य कर रहे हैं। राज्य सरकार के अनुरोध पर जोशी ने पिछले साल एक नवंबर को मुख्य सचिव का कार्यभार संभाला था।


## सांकेतिक कब्जा सूचना

ICICI Home Finance | पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051

**कार्पोरेट कार्यालय :** आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059

**शाखा कार्यालय :** द्वितीय तल, एससीओ 337-38, सेक्टर-35बी, चण्डीगढ़-160022

चूंकि

अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए।

चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित तिथियों को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।

कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर | सम्पत्ति का वर्णन / कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस मे राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सुनील कुमार (कर्जदार) रूचि परमार (सह-कर्जदार ) LHCHD00001339779. | एनए खेवट / खतौनी नं. 13/13, खसरा नं. 509 (4-10), 512 (1-13) एमसी पंचकूला एनए कालका हरियाणा 133302 (संदर्भ एलएएन नं. LHCHD00001339779). सीमाएं- उत्तरः मनोज कुमार, दक्षिण : मनोज कुमार, पूर्व : गली, पश्चिम : अन्य की भूमि। / कब्जे की तिथि - 13-फरवरी-25 | 09-12-2023 रु. 19,10,323.99/- | चण्डीगढ़-बी |
| 2. | सुनील कुमार (कर्जदार) रूचि परमार (सह-कर्जदार ) LHCHD00001339780. | एनए खेवट / खतौनी नं. 13/13, खसरा नं. 509 (4-10), 512 (1-13) एमसी पंचकूला एनए कालका हरियाणा 133302 (संदर्भ एलएएन नं. LHCHD00001339780). सीमाएं- उत्तरः मनोज कुमार, दक्षिण : मनोज कुमार, पूर्व : गली, पश्चिम : अन्य की भूमि। / कब्जे की तिथि - 13-फरवरी-25 | 09-12-2023 रु. 76,860/- | चण्डीगढ़-बी |

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।

दिनांक : 19 फरवरी 2025 स्थान : पंचकूला — प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड


साइबर क्राइम पर जागरूक हो रहे लोग

# इस साल जनवरी के महीने में पहले के मुकाबले 14 करोड़ की ठगी कम हुई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा पुलिस द्वारा लोगों को साइबर ठगों के चंगुल से बचाने के लिए तैयार की गई प्रभावी रणनीति के उल्लेखनीय परिणाम आने शुरू हो गए हैं। जनवरी-2024 की तुलना में जनवरी-2025 में साइबर ठगों द्वारा ठगी गई राशि में 14 करोड़ रुपये की गिरावट दर्ज की गई है। इतना ही नहीं, हरियाणा पुलिस द्वारा पिछले वर्ष की तुलना में जनवरी-2025 में 433 अधिक साइबर ठगों को सलाखों के पीछे पहुंचाने में सफलता प्राप्त की गई है। पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि हरियाणा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के चलते जनवरी-2024 में 86.18 करोड़ रुपये की ठगी गई राशि की अपेक्षा इस वर्ष यह राशि घटकर 72.84 करोड़ रुपये रही। हरियाणा पुलिस की त्वरित कार्यवाही के परिणामस्वरूप जनवरी-2024 की तुलना में जनवरी-2025 में साइबर ठगों से बचाई गई राशि में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज हुई है। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए जनवरी-2025 में 4 गुना से भी अधिक अपराधियों की गिरफतारी की गई है। हरियाणा पुलिस द्वारा जनवरी-2024 में जहां 138 साइबर आरोपी गिरफ्तार किए गए थे, वहीं जनवरी-2025 में 571 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं।

### 268.40 करोड़ रुपये की राशि बचाई



गौरतलब है कि हरियाणा पुलिस द्वारा वर्ष-2024 में साइबर ठगो के चंगुल से लगभग 268.40 करोड़ रुपये की राशि बचाई गई है, जबकि वर्ष-2023 में यह राशि केवल 76.85 करोड़ रुपये थी। इस प्रकार साइबर अपराधियों से वर्ष-2023 की तुलना में वर्ष-2024 में तीन गुना तथा वर्ष 2022 की तुलना में पांच गुना अधिक राशि बचाई गई। इसी प्रकार, वर्ष-2022 में साइबर अपराधियों के खिलाफ जहां 2165 मुकद्दमें दर्ज किए गए थे वहीं वर्ष-2023 में 2747 मुकद्दमें तथा वर्ष-2024 में 5511 मुकद्दमें दर्ज किए गए हैं।

### कोई भी एजेंसी डिजिटल अरेस्ट नहीं करती



यदि कोई भी व्यक्ति फोन करके स्वयं को सीबीआई, ईडी या पुलिस का अधिकारी बताकर डिजिटल अरेस्ट की बात कहे तो तुरंत सतर्क हो जाएं क्योंकि कोई भी एजेंसी डिजिटल अरेस्ट नहीं करती है। इसके साथ ही लोग सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म पर फर्जी शेयर ट्रेडिंग झांसे में न आएं। -शत्रुजीत कपूर, पुलिस महानिदेशक


## हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | MEMONO.CH.07/NITNO.14/2024- 25/XEN/TS/RTK DATED 30.01.2025(ONLINETENDERID-2025_HBC_426599_1 | शुद्धिपत्र-02. 132 केवी सब स्टेशन, एचवीपीएनएल, रोहतक में रोड कार्पेटिंग का प्रावधान व बिछाना। ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 21.02.2025 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 2 | एचवीपीएनएल | NIT NO.64/CWD-2/VOL- XVIII/HVPN/2024-25 DATED:- 09/01/2025(ONLINETENDERID NO. 2025_HBC_422662_1) | बोली खुलने की तिथि 18.02.2025 (11:00 बजे) ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 27.02.2025 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां एवं ठेकेदार)। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 3 | एचवीपीएनएल | NIT NO.68/CWD-2/VOL- XVIII/HVPN/2024-25 DATED:- 13/01/2025(ONLINETENDERID NO. 2025_HBC_423293_1) | बोली खुलने की तिथि 18.02.2025 (11:00 बजे) ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 27.02.2025 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां एवं ठेकेदार)। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 4 | एचवीपीएनएल | NIT NO.70/CWD-2/VOL- XVIII/HVPN/2024-25 DATED:- 13/01/2025(ONLINETENDERID NO. 2025_HBC_423382_1) | बोली खुलने की तिथि 18.02.2025 (11:00 बजे) ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 27.02.2025 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां एवं ठेकेदार)। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 5 | एचवीपीएनएल | NIT NO.66/CWD-2/VOL- XVIII/HVPN/2024-25 DATED:- 09/01/2025(ONLINETENDERID NO. 2025_HBC_422669_1) | बोली खुलने की तिथि 18.02.2025 (11:00 बजे) ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 27.02.2025 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां एवं ठेकेदार)। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 6 | एचवीपीएनएल | NIT NO.65/CWD-2/VOL- XVIII/HVPN/2024-25 DATED:- 09/01/2025(ONLINETENDERID NO. 2025_HBC_422661_1) | बोली खुलने की तिथि 18.02.2025 (11:00 बजे) ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 27.02.2025 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां एवं ठेकेदार)। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2025/120/32413/I/88/6 दि. 18.02.25

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार चलायमान चिकित्सा इकाई की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के 2 वर्षीय दर अनुबंध हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 17.02.2025 10.03.2025 | 1.88 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 2 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार जीटी ब्लॉट मशीन की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के 2 वर्षीय दर अनुबंध हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 14.02.2025 07.03.2025 | 1.20 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 3 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डीफाइब्रिलेटर की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के 2 वर्षीय दर अनुबंध हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 14.02.2025 07.03.2025 | 1.04 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 4 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार एफेरेसिस मशीन की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के 2 वर्षीय दर अनुबंध हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 14.02.2025 07.03.2025 | 6.27 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 5 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार नेजल एंडोस्कोप की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के 2 वर्षीय दर अनुबंध हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 04.02.2025 25.02.2025 | 2.20 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 6 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार मोबाइल वैन की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के 2 वर्षीय दर अनुबंध हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 17.02.2025 10.03.2025 | 50 लाख | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 7 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार रक्तदान वैन की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के 2 वर्षीय दर अनुबंध हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 17.02.2025 10.03.2025 | 1.60 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |
| 8 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार नियोनेटल केयर एम्बुलैंस की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के 2 वर्षीय दर अनुबंध हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 17.02.2025 10.03.2025 | 5.09 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2025/160/32418/I/88/6 दि. 18.02.25

खबर संक्षेप

## कार सवार युवक ने हाईवे पर हवाई फायरिंग

**गोहाना।** रोहतक-पानीपत हाईवे पर क्रेटा सवार युवक ने हवाई फायर किया। तीन युवक अपनी गाड़ी में ढाबे से खाना लेने जा रहे थे। उनकी गाड़ी को ओवरटेक करने के बाद बंदूक से फायरिंग की गई। फायरिंग की वीडियो सामने आई है। शहर थाना गोहाना में मामला दर्ज किया गया। गांव सैनीपुरा के रविंद्र ने पुलिस को बताया कि सोमवार को उसके छोटे भाई के बेटे का जन्मदिवस था। इस अवसर पर उसके दोस्त दिल्ली के मनीष और सतीश गांव में उनके घर आए थे। रात लगभग 10 बजे वे तीनों मनीष की स्कार्पियो में गोहाना में रोहतक-सोनीपत हाईवे के बाईपास के निकट ढाबे से खाना लेने जा रहे थे। जब वे हाईवे पर ट्रक यूनियन के पास पहुंचे तो क्रेटा ने उनकी गाड़ी को ओवरटैक किया। क्रेटा में कंडक्टर साइड में बैठे युवकों ने शीशे उतारकर बंदूक बाहर निकाली और हवाई फायर किया। इस घटना का उसने अपने मोबाइल में वीडियो बना लिया। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज करके आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है।

## सड़क दुर्घटना में पति पत्नी गंभीर रूप से घायल

**खरखौदा।** जटोला गांव के पास एक सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जटोला निवासी बलजीत ने बताया कि वह मोटरसाइकिल पर अपनी पत्नी निर्मला को लेकर सुबह के समय सरोज हॉस्पिटल दिल्ली में इलाज के लिए जा रहे थे। जब वह गांव से मशरूम फैक्ट्री के पास पहुंचे तो सामने से आ रही एक मदर डेयरी की दूध वन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वे दोनों पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए।

# बैग बचाने के लिए बदमाशों से भिड़ा पोस्टल असिस्टेंट, बहादुरी देख दोनों भाग निकले

■ भिवानी शहर में दिनदहाड़े वारदात, बदमाशों ने तीस मीटर तक पीछा भी किया

हरिभमि न्यूज ⏭ भिवानी

मंगलवार सुबह पतराम गेट (हालू बाजार) पर स्थित पोस्ट ऑफिस में डयूटी पर पहुंचे पोस्टल असिस्टेंट मंदीप से दो नकाबपोश युवकों ने पिस्तौल की नोक पर बैग छीनने का प्रयास किया,लेकिन कर्मचारी ने हिम्मत दिखाते हुए आरोपी को धक्का देकर बाहर निकल आया। इस दौरान आरोपियों ने कर्मचारी करीब 30 मीटर तक पीछा किया,लेकिन कर्मचारी ने बैग नहीं छोड़ा। हैरानी की बात यह है कि इस दौरान बाजार में खूब चहल पहल थी,लेकिन कोई भी दुकानदार आगे नहीं आया। बाद में कर्मचारी ने इस बारे में पुलिस की 112 नम्बर पर डायल किया तो मौके पर शहर के तमाम थानों की पुलिस पहुंच गई और आरोपियों की टोह में जुट गई। यह सारी घटना दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों में दर्ज हो गई। जानकारी के अनुसार आज सुबह करीब पौने नौ बजे पोस्ट ऑफिस में पोस्टल असिस्टेंट के पद पर तैनात कर्मचारी मंदीप घर से कार्यालय पहुंचा। वह कार्यालय के अंदर जाने के बाद दरवाजे की तरफ आया। अचानक एक बाइक पर आए दो नकाबपोश युवकों ने पिस्तौल लगाकर बैग छीनने का प्रयास किया,लेकिन कर्मचारी ने हिम्मत दिखाते हुए आरोपी को धक्का दिया और कार्यालय से बाहर निकलकर सड़क पर आ गया। इस दौरान आरोपी भी उसके पीछे पीछे रिवाल्वर लेकर आ गए। इस दौरान आरोपी ने दो बार रिवाल्वर से फायर के लिए लोड करने का भी प्रयास किया, पर वह कामयाब नहीं हो पाया। इस दौरान भी आरोपी बैग छीनने में लगे रहे। बाजार में करीब 30 मीटर दूर तक आरोपियों ने कर्मचारी का पीछा किया। उसके बाद आरोपी बाइक पर सवार होकर वहां से फरार हो गए। बाद में पीडित कर्मचारी ने इस बारे में मुख्य डाक घर तथा पुलिस के 112 नम्बर पर डायल किया। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की पूरी जानकारी ली।

सीसीटीवी फुटेज : डाक कर्मचारी को पिस्तौल से डराता बदमाश





### एक ने हेलमेट तो दूसरे ने नकाब पहन रखा था

पीड़ित कर्मचारी मंदीप ने बताया कि वह कार्यालय में पहुंचा ही था और उसने पानी की बोत ल लेने के लिए बाहर तरफ चला। कार्यालय में ही कुछ कदम चला होगा कि एक युवक ने सिर पर हेलमेट लगाया हुआ था और दूसरा मुंह पर कपड़ा बांधे हुए था, ने उसकी तरफ पिस्तौल तान दी। वह कुछ समझ पाता कि इससे पहले आरोपियों ने उससे बैग छीनने का प्रयास किया। उसने हिम्मत करते हुए आरोपियों को धक्का दे दिया और वह मुख्य गेट से बाहर की तरफ निकल गया। आरोपियों ने कुछ दूरी तक उसका पीछा भी किया। बाद में पुलिस को सूचना दी।

### बाजार में थी पूरी चहल पहल किसी ने नहीं की मदद

नगरपरिषद के पूर्व वाइस चेयरमैन मामन चंद ने बताया कि वे सुबह सवेरे घुमने के लिए गए हुए थे। उनको वहीं पर सूचना मिली कि उनके इलाके में पोस्ट आफिस में लूट के प्रयास की घटना हुई है। वे तत्काल यहां पहुंचे और तमाम जानकारी ली। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने दिन दहाड़े इस तरह की हरकत की। हैरानी की बात यह है कि इस दौरान पूरा बाजार खुला हुआ था ओर बाजार में जबरदस्त चहल पहल थी। दुकानदारों ने आरोपियों को देखा,लेकिन किसी ने हिम्मत नहीं की। अगर एक भी दुकानदार बोल पड़ता तो आरोपियों को पकड़ा जा सकता था।

### आरोपियों को पकड़ने के लिए टीमों का गठन

शहर थाना प्रभारी सत्यनारायण ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही शहर थाना पुलिस के अलावा अन्य थानों की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। मामले की जानकारी ली गई है। जांच की जा रही है। आरोपियों की टोह के लिए पुलिस टीमों का गठन किया है। आरोपियों को ढूंढने का प्रयास किया जा रहा है।

## एक्सिस बैंक की कैशियर का बैग छीनकर बाइक सवार युवक फरार

**सफीदों।** रामलीला ग्राऊंड के पास सोमवार रात को उस समय हड़कंप मच गया जब वहां से गुजर रही नगर के एक्सिस बैंक शाखा की महिला कैशियर से अज्ञात बाइक सवार व्यक्ति उसका बैग छीन कर फरार हो गया। इस बैग में बैंक के कैश, गोल्ड व सिक्योरिटी की चाबियां सहित महिला के व्यक्तिगत कागजात व नगदी थी। घटना होते ही शोर मचाने पर काफी तादाद में लोग मौके पर जमा हो गए। किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर सिटी थाना प्रभारी दिनेश कुमार पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने रात में बैंक से लेकर नागक्षेत्र मोड़ तक के अनेक सीसीटीवी कैमरों को खंगाल कर सुराग लगाने का प्रयास किया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।पुलिस को दी शिकायत में एक्सिस बैंक की कैशियर एवं सफीदों के वार्ड नंबर तीन निवासी अमनदीप कौर ने कहा कि वह पिछले डेढ़ साल से एक्सिस बैंक में कैशियर पर पर कार्यरत है। उसके पास बैंक के कैश, गोल्ड व सिक्योरिटी की चाबियां होती हैं। सोमवार को वह अपनी ड्यूटी पूर्ण करके करीब पौने सात बजे बैंक से घर के लिए पैदल निकली थी। जब वह नागक्षेत्र मोड़ से होते हुए रामलीला ग्राउंड की तरफ चली तो पीछे से अज्ञात बाइक सवार व्यक्ति पीछे से झपट्टा मार कर उसका पर्स छीन कर रहडा मोहल्ला की तरफ भाग गया।



## ब्लॉक समिति चेयरमैन की कुर्सी पर बैठा मिला पति, डीसी ने कारण बताओ नोटिस थमाया

**सीवन।** डीसी प्रीति सीवन में होने वाले नगर पालिका चुनाव को लेकर बूथों का दौरा करते समय ब्लॉक समिति कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। जहां ब्लॉक समिति सीवन की चेयरपर्सन की कुर्सी पर उनके पति बैठे हुए मिले। जिस पर डीसी ने चेयरपर्सन को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश जारी किए हैं। डीसी प्रीति ने कहा कि इस बात को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा कि महिला जनप्रतिनिधि के स्थान पर उनके प्रतिनिधि सीट पर बैठें और उनका काम करें। आमजन ने जिन्हें अपना बहुमूल्य वोट देकर चुना है, इसलिए महिला जनप्रतिनिधि स्वयं आगे आकर अपना कर्तव्य निभाएं। डीसी ने कहा कि सीवन ब्लॉक समिति की चेयरमैन बलविंद्र कौर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश जारी किए हैं। शहर में दिनभर इस घटना की चचा

■ कैथल डीसी प्रीति नगर पालिका चुनाव को लेकर बूथों का दौरा करते समय ब्लॉक समिति कार्यालय का औचक निरीक्षण करने पहुंची थीं

## चार दिन से लापता पुलिसकर्मी का शव वाटर टैंक में मिला

**महेंद्रगढ़।** चार दिन से लापता पुलिसकर्मी का शव मंगलवार को गांव रिवासा के वाटर टैंक में मिला है। वाटर सप्लाई कर्मचारियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को वाटर टैंक से बाहर निकाला। शव को नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। मृतक के परिजनों ने शव की शिनाख्त की। मृतक हरियाणा पुलिस में हाल ही में मधुबन में ट्रेनिंग कर रहा था और 15 फरवरी को शाम को घर आ रहा था। पुलिस ने मृतक का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। गांव उष्मापुर निवासी जितेंद्र ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि उसका बड़ा भाई 29 वर्षीय आनंद कुमार हरियाणा पुलिस में नौकरी करता था। वह अक्टूबर में सी ग्रुप की भर्ती हुई थी, उसमें हुआ था। फिलहाल वह मधुबन में ट्रेनिंग कर रहा था। 15 फरवरी को आनंद कुमार मधुबन से परमिशन लेकर घर आ रहा था। शाम करीब सात बजे उसके दोस्त अमित से बाइक लेकर दादरी से घर के लिए चला था। 9:53 पर उसके भाई ने अपने मोबाइल से अपने ससुर नरेश निवासी महेंद्रगढ़ को फोन कर कहा कि वह राव तुलाराम चौक महेंद्रगढ़ पर पहुंच गया है। अव्युक्त को अपने साथ घर लेकर जाउंगा। तब उसके ससुर नरेश ने कहा कि अभी काफी रात हो चुकी है और अव्युक्त दो साल का लड़का है। बाइक पर ठीक नहीं है। उसके बाद आनंद ने अपनी पत्नी के मोबाइल पर कहा कि वह महेंद्रगढ़ आ चुका है और अब वह घर आ रहा है, लेकिन उसका भाई आनंद घर नहीं पहुंचा और फिर उसका फोन बंद हो गया।

# कुंडली व नाथूपुर का निरीक्षण करने पहुंची डीएमआरसी और एचएमआरटीसी की टीम

■ सोनीपत में मेट्रो को लेंगेगे पंख, प्रस्तावित रूट को लेकर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जिले में मेट्रो के प्रोजेक्ट को पंख लग गए हैं। कुंडली तक प्रस्तावित मेट्रो को लेकर आए दिन कोई ना कोई अपडेट हो रही है। इसी श्रृंखला में मंगलवार को अधिकारियों की एक टीम ने मेट्रो के रूट की जांच की। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) व हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (एचएमआरटीसी) के अधिकारियों के यह दल मंगलवार कुंडली पहुंचा था।

इस दौरान कुंडली और नाथूपुर क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए मेट्रो स्टेशन की फिजीब्लिटी देखी गई। इस दौरान मुख्य रूप से सड़क की चौड़ाई, प्रस्तावित स्टेशन की लोकेशन और मार्ग की स्थिति की जांच की गई। यह टीम अब रिपोर्ट तैयार कर सरकार को सौंपेगी। बता दें कि रिठाला-नरेला से कुंडली-नाथूपुर तक मेट्रो लाइन का विस्तार किया जाना है।



### प्रस्तावित स्टेशन की लोकेशन सुनिश्चित होगी

इसको लेकर सोनीपत जिला की सीमा में 2.72 किलोमीटर मेट्रो लाइन का विस्तार किया जाएगा। इसके लिए कुंडली व नाथूपुर में मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे। जिससे सोनीपत से दिल्ली जाने वाले ज्यादा से ज्यादा लोगों को मेट्रो की सुविधा का लाभ मिल सके। मेट्रो के विस्तार को लेकर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के प्रधान सलाहकार डीएस ढेसी ने 13 फरवरी को अधिकारियों की बैठक ली थी। इसमें 23 फरवरी से पहले साइट विजिट कर उनकी रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए थे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कहा कि रोड की चौड़ाई को लेकर सभी पहलू का आंकलन किया गया और प्रस्तावित स्टेशन की सटीक लोकेशन सुनिश्चित करने की प्रक्रिया जारी है। मार्ग में आने वाली किसी भी समस्या को जल्द से जल्द हल करने के लिए सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। सोनीपत शहर से नाथूपुर में बनने वाले मेट्रो स्टेशन की कनेक्टिविटी बेहतर हो और लोगों को आने जाने में परेशानी न हो। इस पर भी विचार विमर्श किया गया। इस दौरान एसडीएम सुभाष चंद्र, तहसीलदार जिवेंद्र मलिक, जिला नगर योजनाकार अजमेर, लोक निर्माण विभाग व अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

सूरजकुंड हस्तशिल्प मेले में चला कलाकारों का जादू





**फरीदाबाद।** 38 वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला की आर्ट एंड कल्चरल गैलरी में आयोजित मूर्तिकला प्रतियोगिता में युवा प्रतिभागी अपने हुनर को और अधिक निखारने के लिए अपना बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। 21 फरवरी तक आयोजित होने वाली मूर्ति शिल्प प्रतियोगिता का पर्यटन निगम हरियाणा की प्रधान सचिव कला रामचंद्रन ने अवलोकन किया।

## बेटे ने पिता को कमरे में बंद कर जिंदा जलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

नवीन नगर में एक पिता-पुत्र के बीच हुए विवाद ने भयानक रूप ले लिया। 14 वर्षीय किशोर ने अपने पिता को कमरे में बंद कर जिंदा जला दिया। मृतक की पहचान 55 वर्षीय आलम अंसारी के रूप में हुई है। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है और जांच शुरू कर दी है। घटना रात करीब 1.30 बजे की है। पिता ने बेटे को पैसे चोरी करने और पढ़ाई को लेकर डांटा था। इससे नाराज होकर बेटे ने यह कदम उठाया। मकान मालकिन के मुताबिक आलम अंसारी अपने बेटे के साथ पिछले साल सितंबर से उनके मकान की पहली मंजिल पर किराए पर रह रहे थे। जब चीख-पुकार की आवाजें आई, तो मकान मालकिन ऊपर जाना चाहती थी। आरोपी बेटे ने कमरे का दरवाजा और छत पर जाने वाला रास्ता भी अंदर से बंद कर दिया था। वहीं आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद कूदकर फरार हो गया। आसपास के लोगों की मदद से दरवाजा तोड़ा, लेकिन तब तक आलम की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर बादशाह खान सिविल अस्पताल के शवगृह में पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। थाना पल्ला पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अपशब्द बोलने से रोका तो दंपती पर हमला, केस

**गोहाना।** शहर में प्रेम नगर में कई युवक एक व्यक्ति के घर के बाहर खड़े होकर गाली-गलौच करने लगे। उसने घर से बाहर निकालकर उनको समझाया तो उससे, उसकी पत्नी और बेटे से मारपीट की। तीनों को नागरिक अस्पताल से बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। शहर थाना में मामला दर्ज किया गया।राज सिंह ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर पर स्वजन के साथ बातचीत कर रहा था। उसी समय कुछ युवक घर के बाहर पहुंचकर ऊंची आवाज में गाली-गलौज करने लगे। वह घर से बाहर निकला और युवकों को समझाने लगा तो उसे ही गाली देने लगे। उसकी पत्नी धनपती, बेटा रोहित व पुत्रवधू अमरजीत कौर भी घर से बाहर आए। युवकों ने उनको भी गाली दी। वे वापस घर में जाने लगे तो रास्ता रोककर मारपीट शुरू कर दी।

## फरीदाबाद नगर निगम चुनाव के लिए ऑब्जर्वर नियुक्त

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद नगर निगम के चुनावों को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए चुनाव आयोग ने तीन पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी है। हरियाणा के राज्य चुनाव आयोग के मुताबिक नगर निगम चुनाव के लिए तीन श्रेणियां के पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। इन पर्यवेक्षकों की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से संपन्न होगी। फरीदाबाद नगर निगम के लिए आईएएस अनीता यादव को सामान्य पर्यवेक्षकए आईपीएस डा.राजश्री सिंह को पुलिस पर्यवेक्षक और डीईटीसी सुनीला सिंह को खर्च पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। चुनाव आयोग का कहना है की इन पर्यवेक्षकों की नियुक्ति से चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहेगी और किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोका जा सकेगा। चुनाव आयोग ने तीनों अधिकारियों के मोबाइल नंबर भी जारी किए हैं।

# नाम रूपी मोती पाने के लिए भक्ति रूपी महासागर की गहराई में उतरना ही पड़ेगा : सतगुरु कंवर साहेब

■ परमसंत सतगुरु कंवर साहेब महाराज ने फतेहाबाद के राधास्वामी आश्रम में सत्संग फरमाया


हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

इस दुनिया में केवल भक्ति का रिश्ता ही सबसे उच्च व पवित्र है, बाकी सब नाते रिश्ते झूठे हैं। भक्ति का नाता सन्त सतगुरु जोड़ते हैं क्योंकि केवल उन्हीं में ताकत है कि वे इस दुनियादारी के नातो से आपको मुक्त करा सकें। इस दुनिया में मुर्दे की भांति रहो। सिर्फ किनारे बैठ कर आप मोती नहीं पा सकते। नाम रूपी मोती पाने के लिए तो भक्ति रूपी महासागर की गहराई में उतरना ही पड़ेगा। यह सत्संग वचन परमसंत सतगुरु कंवर साहेब महाराज ने फतेहाबाद के सिरसा रोड पर स्थित राधास्वामी आश्रम में फरमाये। साध संगत को सत्संग वचन सुनाते हुए हुजूर कंवर साहेब ने कहा कि हृदय के दर्पण को हरिनाम से साफ करते रहो आपको परमात्मा का स्वरूप दिख जाएगा। तन से सेवा, धन से दान और मन से नाम का सुमिरन करो। मीठा बोलना सीखो क्योंकि मीठे वचन से दुश्मन भी आपका मीत बन जाता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य अपने ही द्वारा किये कर्मो को देखकर अंतकाल में पछताता है क्योंकि पहले उसने जीवन के मोल को जाना ही नहीं। पहले उसने अपने आप को शुद्ध व पवित्र किया ही नहीं। पहले इंसान हर रोज मरता रहा लेकिन उसने मर कर भी अमर होने का प्रयास ही नहीं किया। अमर हुआ जाता है सतगुरु को तन मन धन सौंपने से। हुजूर साहेब ने कहा कि इस जीवन की कथा उस पक्षी के जीवन की भांति है जो एक पेड़ की डाली पर कुछ देर के लिए आकर बैठता है, चहकता है, फिर अचानक उड़ जाता है।

इस माया ने इंसान को इसी चहचहाहट में ऐसा उलझा रखा है कि उसे सत्य समझ ही नहीं आता। संत सतगुरु सगुन रूप में आकर हमें चेताते हैं लेकिन हम निर्गुण में उलझे रहते हैं। हमें यकीन ही नहीं होता कि हमारी ही तरह चलने, खाने, काम करने वाला परमात्मा का रूप कैसे हो सकता है। यही गफलत हमें भटकाती है और हम इस जीवन को ख्वार कर बैठते हैं।

गुरु महाराज ने कहा कि मत भूलो जिन चीजों का आप अभिमान करते हो, वो सब उसी एक परमात्मा का दिया हुआ है। हम राजा सेठ साहूकारों को मान सम्मान देते हैं परंतु भक्तों का निरादर करते हैं। कलयुग में गुण की नहीं धन और माया की बड़ाई होती है।

■ हृदय के दर्पण को हरिनाम से साफ करते रहो आपको परमात्मा का स्वरूप दिख जाएगा





## रजिस्ट्री के एवज में दस हजार रुपये रिश्वत लेता क्लर्क रंगे हाथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुहला-चीका

विजिलेंस विभाग अम्बाला द्वारा कृषि विभाग कैथल बाबू लाल को बतौर ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त कर डीएसपी मुकेश जाखड़ के नेतृत्व में गुहला तहसील में छापा मारा और रजिस्ट्री क्लर्क प्रदीप कुमार को तहसीलदार के नाम पर रजिस्ट्री करने के एवज में 10 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़कर गिरफ्तार कर लिया गया है। यह जानकारी देते हुए मुकेश जाखड़ ने बताया कि कि विजय कुमार द्वारा उक्त लिपिक के खिलाफ रिश्वत मांगने की शिकायत की थी, जिसके बाद विजिलेंस विभाग द्वारा आरोपी के खिलाफ जाल बिछाते हुए एक टीम का गठन किया गया, जिसमें डिप्टी डायरेक्टर शामिल किया गया। उन्होंने बताया कि सारी कार्रवाई पूरी करने के बाद आज विजय कुमार को 500-500 के 20 नोट देकर क्लर्क प्रदीप कुमार के पास भेजा गया और जैसे ही उसने रिश्वत की राशि ली, तो उनकी टीम द्वारा तुरंत पकड़ लिया गया। उन्होंने बताया कि जब प्रदीप के हाथ धुलवाए गए, तो वे लाल हो गए और रिश्वत की राशि भी प्रदीप से बरामद कर ली गई। उन्होंने बताया कि प्रदीप को गिरफ्तार करने के बाद आगामी पूछताछ के लिए अम्बाला ले जाया गया है। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए चीका निवासी विजय कुमार पुत्र हुकम चंद ने बताया कि उसने चीका शहर स्थित अमर सिटी कालोनी में कुछ समय पहले एक प्लाट खरीदा था, जिसकी रजिस्ट्री वह अपनी पत्नी उमा देवी के नाम करवा रहा था। उसने बताया कि उक्त प्लाट की रजिस्ट्री करवाने के लिए उसने सभी कागजात वगैरा पूरे करके रजिस्ट्री करवाने हेतु कार्रवाई शुरू कर दी थी। उसने बताया कि जब उसने क्लर्क को रजिस्ट्री करने बारे कहा तो उसने तहसीलदार के नाम से 10 हजार रुपए की रिश्वत मांगी, जिसको देने के लिए उसके पास पैसे नहीं थे। विजय ने बताया कि उसने रजिस्ट्री क्लर्क से गुहार लगाई कि वह निहायत गरीब व्यक्ति है, लेकिन आरोपी नहीं माना।

■ विजिलेंस ने केस दर्ज मामले की जांच की शुरू



**गुहलाचीका।** विजिलेंस की गिरफ्त में आरोपी कर्मचारी।

# चैंपियंस ट्रॉफी 2025: दुबई में इन भारतीय गेंदबाजों ने चटकाए हैं सर्वाधिक विकेट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नई दिल्ली। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज 19 फरवरी से होना है। इस बार ये टूर्नामेंट मेजबान पाकिस्तान और दुबई में खेला जाना है। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला 20 फरवरी को बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ खेलेगी। बता दें कि आगामी संस्करण में भारतीय टीम अपने सभी मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेलेगी। इस मैदान पर सर्वाधिक विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाजों के बारे में जानते हैं।




### कुलदीप यादव (10 विकेट)

कुलदीप यादव दुबई में सर्वाधिक विकेट लेने वाले भारतीय हैं। क्रिकइंफो के अनुसार, कुलदीप ने इस मैदान पर 6 वनडे मैचों में 23.70 की औसत से 10 विकेट लिए हैं। इस बीच उनकी इकॉनमी रेट 4.08 की रही है। इस बीच उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 45 रन देकर 3 विकेट लेना रहा है। कुल मिलाकर वनडे क्रिकेट में कुलदीप ने 108 मैचों में 26.22 की औसत से 174 विकेट लिए हैं।

### जसप्रीत बुमराह (8 विकेट)

जसप्रीत बुमराह इस बार चैंपियंस ट्रॉफी की टीम का हिस्सा नहीं हैं। वह चोट के चलते इस टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं। वह दुबई के मैदान पर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय तेज गेंदबाज हैं। उन्होंने दुबई में 4 मैचों में 16 की औसत से 8 विकेट लिए हैं। इस दौरान उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3/37 रहा है। कुल मिलाकर उन्होंने अपने वनडे करियर में 23.55 की औसत से 149 विकेट लिए हैं।




### रविंद्र जडेजा (7 विकेट)

दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में रविंद्र जडेजा का रिकॉर्ड अच्छा है। उन्होंने यहां 4 मैचों में 22.28 की औसत से 7 विकेट लिए हैं। वह इंग्लैंड के खिलाफ पिछली घरेलू वनडे सीरीज में अच्छी लय में दिखे थे और अपनी लय को बरकरार रखना चाहेंगे। जडेजा चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने 25.18 की औसत से 16 विकेट अपने नाम किए थे।

### इन भारतीय गेंदबाजों ने लिए हैं 6-6 विकेट

युजवेंद्र चहल ने दुबई में 5 पारियों में 32.83 की औसत और 4.47 की इकॉनमी रेट के साथ 6 विकेट लिए हैं। पूर्व भारतीय खिलाड़ी केदार जाधव ने 5 पारियों में 23.16 की औसत और 3.97 की इकॉनमी रेट के साथ 6 ही विकेट लिए थे। भारतीय टीम से फिलहाल बाहर चल रहे भुवनेश्वर कुमार ने दुबई में 5 पारियों में 29.33 की औसत के साथ 6 विकेट लिए थे।

## खबर संक्षेप




### भारत को बुमराह की कमी बहुत खलेगी : धवन

**दुबई।** पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन का मानना है कि भारत को चैंपियन्स ट्रॉफी में जसप्रीत बुमराह की कमी बहुत खलेगी लेकिन टीम के हालिया फॉर्म और कई मैच विजेता खिलाड़ियों की मौजूदगी में उनके पास टूर्नामेंट जीतने का शानदार मौका है। धवन ने आईसीसी के कॉलम में लिखा, ''मेरी चिंता यह है कि उन्हें जसप्रीत बुमराह की कमी खलेगी, इसमें कोई संदेह नहीं है। मेरे हिसाब से वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं और उनकी सटीकता को दोहराना मुश्किल है। वह बहुत शांत स्वभाव के हैं। इस तरह की बड़ी आईसीसी प्रतियोगिताओं में यह बहुत महत्वपूर्ण है। हालांकि धवन ने टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए शुभमन गिल और हर्षित राणा का समर्थन किया।

### पारिवारिक कारणों से द. अफ्रीका लौटे गेंदबाजी कोच मोर्कल



**दुबई।** भारत के गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल पारिवारिक इमरजेंसी के कारण दक्षिण अफ्रीका अपने घर रवाना हो गए। मोर्कल को पिछले साल सितंबर में भारत का गेंदबाजी कोच बनाया गया था। वह शनिवार को भारतीय टीम के साथ दुबई पहुंचे और बुधवार से शुरू हो रही चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले शुरूआती अभ्यास सत्र में भी मौजूद थे। वह सोमवार को दूसरे अभ्यास सत्र में भारतीय टीम के साथ नहीं थे। भारत को पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश से खेलना है। भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर है जिससे तेज आक्रमण का दारोमदार मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा पर है जबकि हार्दिक पंड्या चौथा विकल्प हैं।

### जर्मनी ने एफआईएच प्रो लीग में भारत को हराया

**भुवनेश्वर।** भारत को खेल के हर क्षेत्र में कमजोर प्रदर्शन के कारण मंगलवार को यहां एफआईएच प्रो लीग हॉकी प्रतियोगिता के मैच में मौजूदा विश्व चैंपियन जर्मनी के हाथों 1-4 से करारी हार का सामना करना पड़ा। भारत की रक्षा पंक्ति का प्रदर्शन अच्छा नहीं था जबकि अंतिम तीन क्वार्टर में उसकी अग्रिम पंक्ति भी अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई। फ्लोरियन स्पर्लिंग ने सातवें मिनट में गोल करके जर्मनी को बढ़त दिला दी लेकिन गुरजंत सिंह (13वें मिनट) ने छह मिनट के भीतर भारत को बराबरी पर ला दिया। पहला क्वार्टर रोमांचक साबित हुआ, जिसमें कुल तीन गोल हुए। जर्मनी की तरफ से दूसरा गोल थिस प्रिंज़ ने 14वें मिनट में किया। इस तरह से जर्मनी पहले क्वार्टर में आगे रहा। दूसरे और तीसरे क्वार्टर में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई लेकिन चौथे क्वार्टर में जर्मनी ने भारतीय रक्षा पंक्ति की गलतियों का फायदा उठाकर दो गोल दागे और इस तरह से बड़े अंतर से जीत दर्ज की।

### कराची के नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में मैच दोपहर 2:30 बजे से

# पूर्व चैंपियन पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच भिड़ंत से आज होगा चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के पहले मैच में पाकिस्तान क्रिकेट टीम का सामना न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम से आज बुधवार 19 फरवरी को होगा। हाल ही में सम्पन्न हुई त्रिकोणीय वनडे सीरीज के फाइनल में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को हराया था। ऐसे में कीवी टीम आत्मविश्वास से लबरेज होगी।

दूसरी तरफ पाकिस्तानी टीम अपने घर पर इस आईसीसी टूर्नामेंट की सकारात्मक शुरुआत करना चाहेगी। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच होने वाला यह मैच 19 फरवरी को कराची के नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे से शुरू होगा।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान ने जीते हैं ज्यादा वनडे मैच

न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच पहला वनडे 1973 में खेला गया था। दोनों टीमों के बीच 118 वनडे मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से कीवी टीम ने 53 मैच जीते हैं और उसे 61 मैच में हार मिली है। 1 मैच टाई रहा है और 3 मैच में कोई नतीजा नहीं निकल पाया है।पाकिस्तान ने अपने घर पर खेलते हुए न्यूजीलैंड को 22 मैच में हराया है और सिर्फ 8 मुकाबलों में कीवी टीम को जीत मिली है।



### इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर होंगी नजरें

विलियमसन ने चैंपियंस ट्रॉफी के अपने 6 मैचों में 69.00 की औसत से 345 रन बनाए हैं, जिसमें 1 शतक और 3 अर्धशतक शामिल हैं। पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने 24 पारियों में 56.08 की औसत से 1,290 रन बनाए हैं। फखर ने चैंपियंस ट्रॉफी के 4 मैचों में 63.00 की औसत से 252 रन बनाए हैं। शाहीन ने न्यूजीलैंड के विरुद्ध 11 वनडे में 22.87 की औसत से 24 विकेट लिए हैं।

### इस संयोजन के साथ उतर सकती है पाकिस्तानी टीम

पाकिस्तान की टीम त्रिकोणीय वनडे सीरीज में फखर जमान और बाबर आजम की सलामी जोड़ी के साथ उतरी थी और सम्भवतः यही जोड़ी पारी की शुरुआत करेगी।दूसरी तरफ मेजबान टीम अबरार अहमद के रूप में इकलौते विशेषज्ञ स्पिनर के साथ मैदान पर उतर सकती है।

**संभावित एकादशः** फखर जमान, बाबर आजम, सऊद शकील, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर/कप्तान), सलमान आगा, तैयब ताहिर, खुशदिल शाह, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ, नसीम शाह और अबरार अहमद।

### न्यूजीलैंड की टीम

न्यूजीलैंड के लॉकी फर्ग्यूसन पैर की चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से बाहर हो गए हैं। कराची में अफगानिस्तान के खिलाफ अभ्यास मैच के दौरान चोट लगी थी। अच्छी फॉर्म में चल रहे कॉनवे न्यूजीलैंड से पारी की शुरुआत कर सकते हैं।

**संभावित एकादशः** रचिन रविंद्र , डेवोन कॉनवे, केन विलियमसन, डेरिल मिचेल, टॉम लैथम (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, मिचेल सेंटनर (कप्तान), नाथन स्मिथ, मैट हेनरी और विलियम ओरूके।

### तैयारी

## 90 मीटर के स्तर तक पहुंचने कर रहा हूं कड़ी मेहनत : नीरज चोपड़ा




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने खुलासा किया है कि उनके नए कोच यान जेलेजनी ने उनकी तकनीक में गलतियों का पता लगा लिया है और अब वह 90 मीटर के स्तर को हासिल करने के लिए उनके थ्रो करने के तरीकों में कुछ बदलाव करेंगे। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा पिछले महीने पूर्व टेनिस खिलाड़ी हिमानी मोर के साथ अपनी शादी के बारे में भी बताया। चोपड़ा ने कहा कि उनका रिश्ता पहले एक साधारण दोस्ती थी लेकिन धीरे-धीरे उन्हें प्यार हो गया।

### सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का रिकॉर्ड तोड़ेंगे

चोपड़ा 90 मीटर के स्तर को छूने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो उन्होंने 2022 में हासिल किया था। उनका सत्र मई में डाइमंड लीग के साथ शुरू होगा और यह पूर्व ओलंपिक तथा विश्व चैंपियन जेलेजनी के साथ उनकी साझेदारी की प्रतिस्पर्धी शुरुआत होगी जिनके नाम भाला फेंक में विश्व रिकॉर्ड (98.48 मीटर) भी है। चोपड़ा ने कहा, ''मुझे लगता है कि 90 मीटर से अधिक का थ्रो जल्द आ सकता है। उन्होंने (यान जेलेजनी) मेरे खेल में कुछ तकनीकी समायोजन किए हैं।''

### बदलावों से मैं और बेहतर हो जाऊंगा

उन्होंने कहा, ''उन्हें लगता है कि उनके बदलाव से मुझे मदद मिलेगी। मैं समझ पाया हूं कि वह मेरे से क्या उम्मीद करते हैं। उन्होंने मुझे जो गलतियां बताईं उनमें से एक यह थी कि मैं पेरिस में भी भाला बहुत नीचे फेंक रहा था और मेरा झुकाव बाईं ओर था।'' चोपड़ा ने कहा, ''अगर मैं उन बदलावों को शामिल करने में सक्षम रहा तो मुझे लगता है कि मैं बहुत बेहतर हो जाऊंगा।'' पानीपत के इस खिलाड़ी ने हालांकि जोर देते हुए कहा कि देश के लिए पदक जीतना महत्वपूर्ण है। चोपड़ा ने कहा, ''मैं ऐसा करना चाहूंगा।

### टेनिस

## अजारेंका दुबई ओपन के दूसरे दौर में, अनिसिमोवा हारी



एजेंसी ▶▶| दुबई

दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी विक्टोरिया अजारेंका ने एक सेट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए अन्हेलिना कालिनिना को 2-6, 7-6, 6-4 से हराकरदुबई टेनिस चैम्पियनशिप के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। पैंतीस वर्ष की अजारेंका दूसरे सेट में 2-5 से पीछे चल रही थी लेकिन उन्होंने अगले पांच अंक लगातार लेकर दूसरा सेट जीता। अब वह दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक से खेलेंगी जिन्हें दूसरे दौर में बाय मिला है।

### इन खिलाड़ियों का ऐसा रहा प्रदर्शन

वहीं दो दिन पहले दोहा में कतर ओपन खिताब जीतने वाली अमांडा अनिसिमोवा पहले दौर में अमेरिका की ही मैकार्टनी केसलेर से 2-6, 3-6 से हार गई। 11वीं वरीयता प्राप्त डायना स्नाइडेर ने मैगडालीना फ्रेच को 6-2, 6-2 से हराया। 12वीं रैंकिंग वाली मीरा आंद्रीवा ने एलिना एवानेसियान को 6-2, 6-1 से मात दी। अब उनका सामना 2023 विम्बलडन चैम्पियन मार्केटा वोंड्रोउसोवा से होगा। दसवीं रैंकिंग वाली डारिया कासात्किना को सोराना क्रिस्टी ने 6-1, 6-4 से हराया। 13वीं रैंकिंग वाली बीट्रिज हदाद माइया को अनास्तासिया पोटापोवा ने 6-3, 6-0 से शिकस्त दी। पूर्व विम्लबडन चैम्पियन ओंस जबाउर को अमेरिका की पेटोन स्टीयर्न्स ने 7-6, 6-4 से हराया।

### सिलिच को हराकर अल्काराज कतर ओपन के अंतिम 16 में



**दोहा।** शीर्ष वरीयता प्राप्त स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने क्रोएशिया के अनुभवी मारिन सिलिच को 6-4, 6-4 से हराकर कतर ओपन टेनिस के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। अमेरिकी ओपन 2014 चैम्पियन 36 वर्ष के सिलिच घुटने की चोट से उबरने के बाद इस सत्र का पहला मैच खेल रहे थे। विश्व रैंकिंग में भी वह 192वें स्थान पर खिसक गए हैं। अब अल्काराज का सामना चीन के झांग झिजेन या इटली के लूका नार्डी से होगा। इससे पहले सातवीं वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव को जिरि लेहेका ने 6-4, 6-4 से हराया। आठवीं वरीयता प्राप्त जैक ड्रेपर ने एलेक्सी पोपिरिन को 6-2, 7-6 से मात दी और अब वह आस्ट्रेलिया के क्रिस्टोफर ओकोनेल से खेलेंगे।

## फर्ग्यूसन चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर, काइल को मिली जगह

एजेंसी ▶▶| दुबई



न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन पैर की चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से बाहर हो गए हैं। फर्ग्यूसन को रविवार को कराची में अफगानिस्तान के खिलाफ अभ्यास मैच के दौरान चोट लगी थी। प्रारंभिक चिकित्सा जांच से पता चला है कि वह टूर्नामेंट के लिए समय पर ठीक नहीं हो पाएंगे। यह कीवी टीम के लिए एक बड़ा झटका है क्योंकि फर्ग्यूसन उनकी गेंदबाजी इकाई का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

### काइल जैमीसन टीम में शामिल

तेज गेंदबाज काइल जैमीसन को टीम में फर्ग्यूसन की जगह चुना गया है। वह 18 फरवरी को पाकिस्तान के लिए रवाना हुए। जैमीसन पीठ में चोट के कारण 10 महीने के ब्रेक के बाद घरेलू क्रिकेट में लौटे हैं। उनके प्रदर्शन ने उनकी घरेलू टीम कैंटरबरी किंग्स को पिछले दिसंबर में ड्रीम11 सुपर स्मैश टूर्नामेंट के ग्रैंड फ़ाइनल तक पहुँचने में मदद की थी।

## मैरी कॉम बोलीं- मैने इस्तीफा नहीं दिया है, कार्यकाल पूरा करूंगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय ओलंपिक संघ के खिलाड़ी आयोग की अध्यक्ष और महान मुक्केबाज एम सी मैरी कॉम ने मंगलवार को इन खबरों का खंडन किया कि उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

उन्होंने कहा कि उनकी बात को गलत समझा गया और वह अपना कार्यकाल पूरा करेंगी।

लंदन ओलंपिक 2012 कांस्य पदक विजेता मणिपुर की 42 वर्ष की इस मुक्केबाज ने पिछले सप्ताह राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह में हलद्वानी में एक 'खराब होटल' में ठहराये जाने पर नाराजगी जताई थी। मैरी कॉम ने कहा



कि उनकी नाराजगी को इस्तीफा मान लिया गया। उन्होंने कहा ,'' मैने इस्तीफा नहीं दिया है । मैं अपना कार्यकाल (2026 के अंत तक) पूरा करूंगी। मैं कुछ कह रही थी, समझा गया कुछ और उन्होंने कहा मैं अपने साथी सदस्यों (खिलाड़ियों के आयोग में) से इतना ही कह रही थी कि आगे से ऐसा हुआ तो मैं इस्तीफा दे सकती हूं । मैने यह कभी नहीं कहा कि मैं इस्तीफा दे रही हूं। आईओए मेरा परिवार है और अगर मैं किसी बात को लेकर नाराज हूं तो मुझे उसे व्यक्त करने का पूरा अधिकार है।'' मैरी कॉम को 2022 में पैनल में चुना गया था जिसमें टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल उपाध्यक्ष हैं।

### प्लेयर्स के परिवारों के लिए बनाए नियमों में बीसीसीआई ने दी थोड़ी ढील

# चैंपियंस ट्रॉफी में साथ ले जा सकते हैं परिवार, मगर कुछ शर्तों के साथ!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बीसीसीआई ने चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान खिलाड़ियों को अपने परिवार के साथ रहने की छूट दे दी है, लेकिन यह इजाजत कुछ शर्तों के साथ है। अब खिलाड़ी एक मैच के लिए अपने परिवार के सदस्य को दुबई बुला सकते हैं।

यह बदलाव पिछले महीने की सख्त पाबंदियों के बाद किया गया है। हालांकि, यह अनुमति कुछ खास शर्तों के साथ दी गई है, ताकि खिलाड़ियों को अपने परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिल सके, लेकिन उनके पेशेवर दायित्वों में कोई खलल न हो। इस फैसले से खिलाड़ियों को थोड़ी राहत जरूर मिलेगी, लेकिन बीसीसीआई ने यह भी सुनिश्चित किया है कि प्रतियोगिता के दौरान उनका ध्यान पूरी तरह से खेल पर केंद्रित रहे।



### पहले क्या था नियम और अब क्या है

बीसीसीआई ने पहले ऐलान किया था कि परिवार के सदस्य पूरे दौरे के दौरान खिलाड़ियों के साथ नहीं रह सकते। केवल 45 दिनों से लंबी सीरीज के दौरान परिवार के किसी एक सदस्य को दो सप्ताह तक खिलाड़ियों के पास रहने की अनुमति दी जा सकती थी। अब बीसीसीआई ने फैसला किया है कि चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान खिलाड़ियों को एक मैच के लिए अपने परिवार के किसी सदस्य को दुबई बुलाने की अनुमति होगी। यह फैसला खासकर इस टूर्नामेंट के छोटे होने की वजह से लिया गया है।

### टीम प्रबंधन को सौंपना होगी लिस्ट

टीम प्रबंधन के एक वरिष्ठ सदस्य के अनुसार, अब खिलाड़ियों को यह अधिकार होगा कि वे खुद तय कर सकें कि किस मैच के दौरान वे अपने परिवार के सदस्य को अपने पास बुलाना चाहते हैं। इसके लिए उन्हें टीम प्रबंधन को एक लिस्ट सौंपनी होगी, जिसमें यह बताया जाएगा कि कौन सा खिलाड़ी किस मैच के लिए अपने परिवार के सदस्य को साथ लाना चाहता है।

### खिलाड़ियों को सीमित समय के लिए मिलेगी राहत

इस नियम में राहत देते हुए बीसीसीआई ने यह स्पष्ट किया है कि यह सुविधा केवल एक मैच के लिए होगी। इस फैसले का कारण यह है कि खिलाड़ियों को अपनी व्यस्तता के बावजूद थोड़ा परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिले, ताकि वे मानसिक और शारीरिक रूप से फिट रह सकें।

**पाकिस्तान से मैच में पहुंचेंगे परिजन :** अगर एक मैच की बात है, तो यहाँ साफ़ तौर पर कहा जा सकता है कि वह मुकाबला 23 मार्च, यानी रविवार को होने वाला भारत-पाक मैच होगा। इस मैच को ही टूर्नामेंट का सबसे तीव्र मुकाबला माना जा सकता है। टीम इंडिया का पहला मुकाबला बांग्लादेश के खिलाफ गुरुवार को खेला जाना है। इस मैच में पैरेंट्स और पत्नियों के जाने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है।

## चिंतन

# यूक्रेन के बिना यूएस-रूस वार्ता सिरे नहीं चढ़ेगी

अमेरिका का ट्रंप प्रशासन शायद जल्दी में है। रूस व यूक्रेन जंग समाप्त कराने के अपने चुनावी वादे को पूरा करने की जल्दी में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सरकार ने सीधे रूस के साथ वार्ता-ए-आगाज की है। रूस व यूक्रेन के बीच शांति कायम करने के लिए यह वार्ता सऊदी अरब में हो रही है। चौंकाने वाली बात है कि युद्ध के अहम भागीदार यूक्रेन को इस वार्ता में शामिल ही नहीं किया गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इस वार्ता को लेकर नाराजगी जताई है और दोनों को साफ संदेश दिया है कि यूक्रेन वार्ता के किसी निर्णय को नहीं मानेगा। बड़ा सवाल है कि युद्ध यूक्रेन व रूस के बीच है, इसलिए वार्ता का पहला हक इन दोनों मुल्क को है। आखिर अमेरिका किस हैसियत से यह वार्ता कर रहा है? यूक्रेन ने न ही उसे अपना वार्ताकार नियुक्त किया है व न ही उसे मध्यस्थता के लिए कहा है। तो अमेरिका कहां खड़ा है? यदि अमेरिका रूस का मन टटोलने के लिए बात कर रहा है, तो उसने यूक्रेन को विश्वास में क्यों नहीं लिया? यूक्रेन अगर इस वार्ता के नतीजे को नहीं मानेगा तो आखिर इस वार्ता का औचित्य क्या रह जाएगा? हड़बड़ी में की गई अमेरिकी पहल से यह संदेश निकल रहा है कि यूक्रेन को युद्ध के लिए उकसाने में व साथ निभाने में अमेरिकी हाथ रहा है। अब अमेरिका यूक्रेन को अपने हाल पर छोड़ने की जल्दी में है। यूक्रेन के कंधे पर बंदूक रखकर रूस को सबक सिखाने की अमेरिकी मंशा पर पानी फिरता दिख रहा है। ट्रंप से पहले की डेमोक्रेट सरकार की नीति रूस को अलग-थलग करने की थी, इसलिए खुले तौर पर यूक्रेन का साथ यूएस दे रहा था। अब ट्रंप प्रशासन दुनिया के पटल पर रूस को अलग-थलग करने की अमेरिकी नीति को बदलने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, उसी क्रम में वह वार्ता कर रहा है, किंतु यूक्रेन को विश्वास में लेकर भी यह पहल अमेरिका कर सकता था। माह के शुरू में ट्रंप ने यूक्रेन और रूस के प्रति अमेरिकी नीति को बदल दिया था। अच्छा होता अमेरिका वार्ता टेबल पर रूस व यूक्रेन के साथ होता, जो भी बात होती, उसमें पारदर्शिता होती। यूक्रेन की संप्रभुता की अनदेखी करके कोई भी शांति वार्ता सफल नहीं हो सकती है। अतीत में कई उदाहरण हैं, जिसमें एक पक्षकार के बिना अंतरराष्ट्रीय मुद्दे सुलझाने की पहल औंधे मुंह गिरी है। अफ्रीकी महाद्वीप के बंटवारे के लिए वर्ष 1884-1885 की सर्दियों में जर्मनी ने यूरोप के शक्तिशाली देशों के साथ वार्ता की थी, पर इसमें अफ्रीका का कोई देश शामिल नहीं था। नतीजा 20वीं सदी का पहला नरसंहार व अत्याचार के रूप में निकला था। समोआ को लेकर जर्मनी, ब्रिटेन व अमेरिका के बीच त्रिपक्षीय सम्मेलन में समोआ शामिल ही नहीं था। समोआ आज भी बंटा हुआ है। प्रथम विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटिश और फ्रांसीसी प्रतिनिधि के बीच ऑटोमन साम्राज्य के बंटवारे को लेकर साइक्स-पिकॉट समझौता हुआ, इसमें ऑटोमन शामिल नहीं था। ब्रिटेन व जर्मनी के बीच चेकोस्लोवाकिया को लेकर म्यूनिख समझौता को विश्वासघात के रूप में देखा जाता है। वर्ष 1938 में फ्रांस समेत 32 देशों ने जर्मनी में यहूदी शरणार्थियों की स्थिति पर एवियन सम्मेलन किया, जिसमें जर्मनी शामिल नहीं था। पोलैंड को लेकर जर्मनी व सोवियत संघ के बीच समझौता में पोलैंड शामिल नहीं था। वर्ष 1945 में अमेरिका, ब्रिटेन व सोवियत रूस के बीच यूरोप के भाग्य के फैसले को लेकर याल्टा सम्मेलन हुआ, जिसमें प्रभावित कोई मुल्क नहीं था। इसलिए अमेरिका को अतीत से सबक लेते हुए शांति वार्ता में रूस व यूक्रेन दोनों को शामिल करना चाहिए।



कूटनीति
डॉ. एन.के. सोमानी

# गाजा पर ट्रंप के बयान से हलचल

> अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ व्हाइट हाउस में एक प्रेस-कांफ्रेंस में गाजा के भविष्य को लेकर एक योजना प्रस्तुत की। ट्रंप ने कहा कि फिलीस्तीनी जनता को दूसरे देशों में स्थानांतरित कर गाजा को लग्जरी रिजॉर्ट में तब्दील किया जाएगा, जहां दुनिया का कोई भी व्यकित आ सकेगा। ट्रंप ने कहा कि वो युद्ध में तबाह हुए गाजा का पुनर्निर्माण करेंगे। पुनर्निर्माण का कार्य पूरा होने तक गाजा के लोगों को दूसरे अरब देश में बसाया जाएगा। अरब देश इसलिए भी हतप्रभ हैं, क्योंकि उन्होंने परियोजना को वास्तविकता का जामा पहनाने के लिए सेना भेजने की संभावना से भी इनकार नहीं किया।

पिछले दिनों जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा पर नियंत्रण कर उसे लग्जरी पर्यटन केंद्र (मध्यपूर्व का रिवेरा) के रूप में तब्दील करने का ऐलान किया तो पश्चिम एशिया सहित पूरी दुनिया में कूटनीतिक हलचल पैदा कर दी। मिस्र, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर फिलिस्तीन अथॉरिटी और अरब लीग ने संयुक्त रूप से ट्रंप की इस योजना की आलोचना की। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर अमेरिका गाजा पर कब्जा करता है तो इससे पूरे क्षेत्र की स्थिरिता को खतरा हो सकता है और संघर्ष और बढ़ सकता है। यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भी ट्रंप के बयान की आलोचना की। उनका कहना है कि गाजा पर समाधान की खोज में किसी भी प्रकार के जातीय सफाए से बचना आवश्यक है। अब मिस्र भी कूद गया है।

गुटेरेस के बयान से साफ है कि ट्रंप की इस योजना से क्षेत्रीय शांति पर असर पड़ सकता है। दरअसल, कुछ दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ व्हाइट हाउस में एक प्रेस-कांफ्रेंस में गाजा के भविष्य को लेकर एक योजना प्रस्तुत की। ट्रंप ने अपनी योजना को दुनिया के सामने रखते हुए कहा कि फिलीस्तीनी जनता को दूसरे देशों में स्थानांतरित कर गाजा को लग्जरी रिजॉर्ट में तब्दील किया जाएगा, जहां दुनिया का कोई भी व्यकित आ सकेगा। ट्रंप ने योजना का खुलासा करते हुए यह भी कहा कि वो युद्ध में तबाह हुए गाजा का पुनर्निर्माण करेंगे। पुनर्निर्माण का कार्य पूरा होने तक गाजा के लोगों को दूसरे अरब देश में बसाया जाएगा। ट्रंप की परियोजना से अरब देश इसलिए भी हतप्रभ हैं, क्योंकि उन्होंने परियोजना को वास्तविकता का जामा पहनाने के लिए सेना भेजने की संभावना से भी इनकार नहीं किया। ट्रंप मूल रूप से एक अरबपति बिल्डर हैं। वो कारोबार की दुनिया से राजनीति में आए हैं। इसलिए जब गाजा के पुनर्निर्माण की बात आई तो उन्होंने यह कह दिया कि अगर गाजा को फिर से बसाना है तो उसके नागरिकों को मलबे में शरण नहीं देनी चाहिए। लेकिन 15 महीनों के युद्ध में जिस तरह से गाजा तबाह हुआ है उसे देखते हुए गाजा के पुनर्निर्माण में दशकों का समय लगेगा। यूएन के आंकड़ों के अनुसार इस समय गाजा में जितना कचरा जमा है उसे हटाने में कम से कम 21 साल का समय लग सकता है। उसका कहना है कि गाजा में 2008 से अब तक हुए संघर्ष में जितना मलबा पैदा हुआ है, उससे 17 गुना अधिक कचरा पिछले 15 महीने के युद्ध में हो गया है।

ऐसे में पहले तो बिना फटे हथियारों और मलबे के पहाड़ों को हटाना होगा। पानी-बिजली की सप्लाई बहाल करनी होगी। इसके बाद स्कूलों, अस्पतालों व दूसरे इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने होंगे। इस काम में कई साल लग सकते हैं। इसलिए ट्रंप चाहते हैं कि जब तक गाजा के पुनर्निर्माण का काम पूरा हो, तब तक फिलिस्तीनियों को कहीं दूसरी जगह जाना चाहिए। सवाल यह है कि जिस जमीन को लेकर बीते सवा साल में 50 हजार से अधिक फिलिस्तीनियों ने अपनी जान गंवा दी, उसे छोड़ने के लिए वे कैसे राजी हो सकते हैं।

पूरे मामले का सूक्ष्म अवलोकन करें तो यह कहना गलत नहीं होगा कि ट्रंप की पूरी परियोजना ही न केवल सवालों और संदेह के घेरे में हैं, बल्कि पूरी तरह से हवा-हवाई, अनैतिक और कानूनी पेचिदगियों से भी भरी हुई



है। पहला और सबसे अहम सवाल तो यह है कि इजरायल-हमास शांति समझौते के बीच उद्घोषित इस योजना को लागू करने का अर्थ क्या मीडिल ईस्ट को लेकर अमेरिकी नीति में आए बदलाव का संकेत है। अब तक अमेरिका 'टू-स्टेट सॉल्यूशन' को मान्यता देता था। वह इजरायल के साथ-साथ एक स्वतंत्र और संप्रभु फिलिस्तीन राष्ट्र का समर्थक रहा है। गाजा में फिलिस्तीनियों को विस्थापित करने से क्या फिलिस्तीनी राज्य का दर्जा खत्म नहीं हो जाएगा। क्या ट्रंप की परियोजना अमेरिका पोषित 'द्वी राष्ट्रवाद' के सिद्धांत का उल्लंघन नहीं है। दूसरा जिस तरह से फिलिस्तीनियों के विस्थापन की बात कही जा रही है, क्या उससे हमास-इजरायल शांति समझौता लागू होने से पहले ही खत्म नहीं हो जाएगा। नेतन्याहू के साथ बैठक से पहले ट्रंप कह चुके हैं कि उनके पास कोई गारंटी नहीं है कि गाजा में मौजूदा युद्धविराम समझौता कायम रहेगा। ऐसे में गाजा में बंधकों की रिहाई की उम्मीद क्या फिर खत्म हो जाएगी। तीसरा, योजना को उद्घाटित करने से पहले क्या ट्रंप ने गाजा की राजनीतिक, ऐतिहासिक और सुरक्षा संबंधी जटिलताओं पर भी कोई होमवर्क किया है। परियोजना पर अमेरिकी समर्थक अरब राष्ट्र भी विश्वास के लिए तैयार नहीं है। उनके संदेह के भी जायज कारण है। जिस तरह से ट्रंप ग्रीनलैंड को खरीदने, कनाडा को अमेरिका में मिलाने, मैक्सिकों की खाड़ी का नाम बदलने और पनामा नहर पर कब्जा करने की बात कर रहे हैं उससे भी ट्रंप की 'सद्इच्छा' पर संदेह होता है। संदेह की दूसरी बड़ी वजह बेंजामिन नेतन्याहू का 'ग्रेटर इजरायल' का सपना भी है। कहीं ऐसा तो नहीं कि गाजा के पुनर्निर्माण का काम पूरा होने के बाद ट्रंप सजा-संवरा गाजा इजरायल को सौंप दे। हालांकि ट्रंप ने यह स्पष्ट नहीं किया कि अमेरिका किस कानूनी आधार पर गाजा में इस तरह का कदम उठा सकता है। अंतरराष्ट्रीय कानून में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है जिसके आधार पर बड़ी आबादी को जबरन विस्थापित किया सकता हो। गाजा फिलिस्तीनियों का घर है। 1948 के युद्ध के दौरान भी वे विस्थापन की पीड़ा भुगत चुके हैं, इसलिए जाहिर है कि ट्रंप की योजना कानूनी और नैतिक दोनों ही दृष्टि से उचित नहीं हैं। अरब नेताओं ने दशकों तक फिलिस्तीनी राष्ट्रीय मुद्दे को अपनी राजनीति के केंद्रीय तत्व के रूप में रखा है। ट्रंप की योजना अरब राजनीति की इस केन्द्रीय तत्व को भी कमजोर करती है। फिलिस्तीनियों को जबरन दूसरी जगह भेजने की योजना न केवल टू-स्टेट सॉल्यूशन को खत्म करेगी बल्कि इसे अरब देशों द्वारा जातीय सफाए के रूप में भी देखा जाएगा।

जैसा कि यूएन महासचिव कर रहे हैं। योजना के पटाक्षेप के बाद जिस मुखरता से अरब देशों ने इसका विरोध किया है, उससे जाहिर है वे ट्रंप के प्रस्ताव को स्वीकार करने के मूड में कतई नहीं है। ट्रंप की योजना पश्चिम एशिया में अमेरिका की सैन्य उपस्थिति को मजबूत करने और मिडिल ईस्ट के देशों पर कड़ी नजर रखने (खासकर ईरान) का प्रयास भी हो सकती है। इसके अलावा लाल सागर पर भी अमेरिका अपना प्रभाव कायम करने की मंशा रखता है जिससे उसे अंतरराष्ट्रीय जल मार्ग पर बढ़त हासिल हो सके। हूती जैसे संगठनों पर लगाम लगाने के लिए भी यह योजना कारगर साबित हो सकती है। गाजा पर कब्जा कर वह हूती के गढ़ यमन पर भी अपनी पकड़ मजबूत कर सकते हैं। संदेह के तमाम कारणों के बीच अरब राष्ट्रों को जो सवाल सबसे ज्यादा परेशान कर रहा है वह यह कि क्या यह ट्रंप का महज एक विवादित बयान है या इसके पीछे कोई गंभीर रणनीति छिपी हुई है। कहीं ऐसा तो नहीं कि ट्रंप अपनी इस योजना के जरिए पश्चिमी हितों को पूरा करने के लिए अरब शासन के विघटन का कोई नुस्खा दे रहे हैं।

(लेखक एमजेजीसी सूरतगढ़ (राजस्थान) में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## काशी तमिल संगमम

सुभाष चन्द्र



# विश्वनाथ के साथ भारती का घर भी बन गया तीर्थ

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 15 फरवरी, 2025 को काशी तमिल संगमम के तीसरे संस्करण का औपचारिक उद्घाटन किया। पतित पावनी गंगा के तट पर नमो घाट पर दो संस्कृतियों के मिलन को सहज ही समझा जा सकता है। तमिलनाडु से संगमम में शामिल होने के लिए जो भी जत्था आता है, वो पहले गंगा में स्नान करता है। मंदिरों में पूजन-परिक्रमा आदि करता है। बाबा विश्वनाथ का आशीष लेता है। साथ ही हनुमान घाट स्थित स्वतंत्रता सेनानी और प्रख्यात कवि सुब्रह्मणयम भारती के घर जरूर जाता है। दरअसल, सनातन धर्म में मोक्ष की कामना लिए हर व्यक्ति अपने जीवनकाल में एक बार काशी आना चाहता है। काशी बाबा विश्वनाथ की नगरी। यहां आदिदेव महादेव विराजते हैं। पुराणों और वैदिक ग्रंथों में इस नगरी की काफी महत्ता बताई गई है। विदेशी भी यहां घूमने आते रहे हैं। उत्तरवाहिनी गंगा के किनारे बसा यह नगर हमेशा से लोगों को आकर्षित करता रहा है। हाल के दिनों में यहां एक नया तीर्थ बन गया है। वह तीर्थ है - स्वतंत्रता सेनानी और प्रख्यात कवि सुब्रह्मणयम भारती का घर। यूं तो तमिलनाडु से आने वाले अधिकतर लोग हनुमान घाट और केदार घाट पर गंगा में स्नान करते हैं। यहां से वह कई मठों में पूजा अर्चना करते हैं। उसके बाद बाबा विश्वनाथ का दर्शन करते रहे हैं। लेकिन, काशी तमिल संगमम के आयोजन से हनुमान घाट पर शंकर मठ के सामने स्थित सुब्रह्मणयम भारती का घर स्वयमेव तीर्थ बन गया है। हर खास और आम उनकी देहरी को नमन करना चाहता है, जहां सुब्रह्मणयम भारती ने अपना लगभग पूरा जीवन बिता दिया। असल में, केदार घाट और हनुमान घाट को काशी में मिनी तमिलनाडु कहते हैं। यहां सैकड़ों तमिल परिवार सदियों से निवास करते हैं। यहां इनकी पूरी संस्कृति दिखती है। पं. वेंकट रमण घनपाठी ने कहा कि काशी और तमिलनाडु का गहरा रिश्ता है। ये समागम महज एक पखवाड़े का नहीं सदियों पुराना है। तमिल भाषा के महाकवि सुब्रमण्यम भारती ऐसे साहित्यकार थे, जो सक्रिय रूप से 'स्वतंत्रता आंदोलन' में शामिल रहे, जबकि उनकी रचनाओं से प्रेरित होकर दक्षिण भारत में आम लोग आज़ादी की लड़ाई में कूद पड़े। ये ऐसे महान कवियों में से एक थे, जिनकी पकड़ हिंदी, बंगाली, संस्कृत, अंग्रेज़ी आदि कई भाषाओं पर थी, पर तमिल उनके लिए सबसे प्रिय और मीठी भाषा थी। उनका 'गद्य' और 'पद्य' दोनों विधाओं पर समान अधिकार था। इन्हें महाकवि भरतियार के नाम से भी जाना जाता है। इनकी देश प्रेम की कविताएं इतनी श्रेष्ठ हैं कि इन्हें भारती उपनाम से ही पुकारा जाने लगा। सुब्रह्मणयम भारती का मानना था कि शिक्षा का माध्यम मातृभाषा रहे। स्वतंत्र रूप से सोचना-विचारना केवल मातृभाषा के माध्यम से ही संभव हो सकता है और उसी राष्ट्र की शिक्षा प्रणाली सफल हो सकती है, जो मातृभाषा के माध्यम से दी जाएगी। विलायती भाषा द्वारा पढ़ाई से राष्ट्रभाषा मन्द पड़ने लगेगी और कालान्तर में मिट ही जाएगी। आज की शिक्षा मस्तिष्क के विकास की है, जबकि मनुष्य के सर्वांगीण विकास के लिए आत्मा का विकास महत्वपूर्ण है। हमें ऐसी शिक्षा की आवश्यकता है, जिसके द्वारा हम अपने अतीत के साथ न्याय करते हुए भविष्य की मांग के अनुरूप बन सकें। सुप्रसिद्ध कवि सुब्रह्मण्य भारती की प्रारंभिक कविताओं में तमिल राष्ट्रवाद का उल्लेख मिलता है, किन्तु स्वामी विवेकानंद के प्रभाव में आने के बाद उनकी जीवन के उत्तरार्ध में लिखी कवितायें भारतीय हिन्दू राष्ट्रवाद का गुणगान करती हैं। उन्होंने अपनी आत्मकथा में स्वीकार किया कि यह परिवर्तन उनकी गुरु भगिनी निवेदिता और स्वामीजी के कारण उत्पन्न हुआ। भारती का प्रिय गान बंकिम चन्द्र का 'वन्दे मातरम्' था। 1905 में काशी में हुए 'कांग्रेस अधिवेशन' में सुप्रसिद्ध गायिका सरला देवी ने यह गीत गाया। भारती भी उस अधिवेशन में थे। मद्रास लौटकर भारती ने उस गीत का उसी लय में तमिल में पद्यानुवाद किया, जो आगे चलकर तमिलनाडु के घर-घर में गूंज उठा।

*'अन्न चत्रम आथिरम वैत्तल आलयम पतिनारियम नाट्टल*
*अन्न याविलुम पुण्यम कोड़ो आंकोर एवैकु एलुत्तरिवित्तल'*

यह उद्गार हैं, सुब्रह्मण्य भारती के, जो हर तमिल पाठक के हृदय में वास करते हैं। शिक्षा दान को सर्वोपरि मानने वाले भारती केवल एक लेखक या कवि ही नहीं, एक स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक भी थे। उनके विचारों और लेखन में अपने समय से बहुत आगे की सोच थी। वे कथनी और करनी के बीच अंतर नहीं रखते थे।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है



संकलित
## दर्शन

योग प्रकृति की स्वतः स्फूर्त प्रक्रिया है। योग के ही चलते मां के गर्भ में आना और जीवन धारण करना संभव होता है। उसके बाद जन्म लेते ही सांसारिक-योग आरंभ होता है। घर-परिवार और समाज के साथ योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है तथा जीवन के समापन पर फिर प्रकृति के साथ तादात्म्य बनाकर विलीन होना भी योग है। ऋषियों ने प्रकृति की गूंज सुनकर उसमें त्रिस्तरीय योग का जो स्वरूप देखा उसमें 'ऊं' शब्द दिखाई पड़ा। इस 'ऊं' में 'अ', 'उ' और 'म' का योग है। गर्भ में अस्तित्व में आना 'अ', जन्म के बाद उत्थान 'उ' तथा मृत्यु 'म' का संयुक्त होना भी योग है। ऋषियों ने अंतिम अक्षर 'म' को हलंत कर आधा इसलिए कर दिया, क्योंकि मनुष्य की मृत्यु पूरी नहीं होती। पंच भौतिक शरीर प्राकृतिक पदार्थो के साथ योग कर पुनः अनंत में विलीन हो जाता है, जबकि आत्मा जीवंत रहता है और पुनः नए शरीर के साथ योगभाव में आता है। प्राकृतिक योग को भी देखा जाए तो क्षिति तत्व धरती के साथ योगनिष्ठ होकर धरती में मिल जाता है, अग्नि आकाश की ओर अपने देही सूर्य के साथ योग करने को ऊपर की ओर उठती है तो जल, जल के साथ, वायु, वायु के साथ तथा गगन तत्व शून्य के साथ योग-भाव में हो जाता है। इस तरह देखा जाए तो कदम-कदम पर योग का प्रकट भाव दिखाई पड़ता है। मानव शरीर के अंदर और बाहर जो योग हो रहा है, उसे नियमित जीवन में अपनाकर कोई भी व्यक्ति उर्ध्वमुखी जीवन प्राप्त कर सकता है।

# काम शुरू करने से ज्यादा है काम करते रहना



संकलित
## प्रेरणा

एक प्राचीन कथा के मुताबिक, ब्रह्मा और विष्णु ने शिवलिंग के मस्तक और पैरों की खोज शुरू की। ब्रह्मा को शिव का मस्तक ढूंढने का और विष्णु को शिव के पैर ढूंढने का कार्य सौंपा गया। सभी देवता इसके आरंभ और अंत के विषय में जानने के लिए उत्सुक थे। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा आरंभ की और वे आगे बढ़ते गए। कई लोक पीछे छूट गए और कई युग बीत गए। फिर भी ब्रह्मा शिव के मस्तक का पता नहीं लगा पाए। सृष्टि का एक अंत है। सृजन एक बिंदु पर समाप्त होता है। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा उसके बाद भी जारी रखी। उन्होंने एक केतकी का पुष्प देखा जो आकाश से नीचे आ रहा था। ब्रह्मा ने केतकी पुष्प से पूछा, 'तुम कहां से आ रहे हो? क्या तुमने शिव का मस्तक देखा है? यहां से शिव का मस्तक कितनी दूर है?' केतकी पुष्प ने कहा, 'मैं शिव के मस्तक से आ रहा हूं।' तो ब्रह्मा ने निष्कर्ष निकाला कि शिव का एक मस्तक था और वे पुष्प लेकर नीचे आए। विष्णु का कार्य शिव के पैरों की खोज करना था। ऐसा कहा जाता है कि विष्णु बहुत विनम्र हैं। पालनकर्ता को हमेशा बहुत विनम्र होना चाहिए। रचयिता जैसा भी हो, यदि पालनकर्ता विनम्र हो, तभी पालन कार्य संभव है। व्यवसाय आरंभ करना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन आपको व्यवसाय चलाने के लिए बहुत सतर्क, बहुत विनम्र रहना पड़ेगा, अन्यथा व्यापार डूब जाएगा। विष्णु की विनम्रता ने ही उन्हें शिव के चरणों को ढूंढने का कार्य करने योग्य बनाया। युगों तक यात्रा करने के बाद, विष्णु शिव के चरणों को ढूंढने में सक्षम नहीं हुए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### महंगाई को मिलकर नकेल दें सरकारें

देश के लोग इस वक्त महंगाई से त्रस्त हैं। सरकार को महंगाई रोकने के अपने वादों को पूरा करना चाहिए। अकसर यह देखा जाता है कि चुनाव के दौरान भारी भरकम वादे किए जाते हैं, लेकिन उन वादों को निभाया नहीं जाता है। केंद्र की वर्तमान सरकार ने भी चुनाव के दौरान महंगाई पर नकेल कसने का वादा किया था, लेकिन वह इस वादे को पूरा नहीं कर पाई है। प्रायः हर प्रदेश में खाद्य पदार्थों के दाम ऊपर ही जा रहे हैं। आटा, चावल, सब्जियां, तेल, दालों आदि के भाव अपनी ऊंचाई पर हैं। फलों के दाम भी बढ़ते ही जा रहे हैं। महंगाई को बढ़ने से रोकने के लिए केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकारों को भी कदम उठाने चाहिए। यह एक सामूहिक दायित्व है।

*- पवन खेड़ा, महासमुंद*

## करंट अफेयर

# दक्षिणी लेबनान के ग्रामीण घर लौटने की तैयारी में

इजराइली सेनाएं मंगलवार को दक्षिणी लेबनान के सीमावर्ती गांवों से वापस लौट गईं। यह वापसी अमेरिका की मध्यस्थता में हुए युद्ध विराम समझौते में तय समय सीमा के अंतर्गत हुई, जिसके साथ ही इजरायल-हिजबुल्लाह के बीच नवीनतम युद्ध समाप्त हो गया। लेबनानी सैनिक उन इलाकों में पहुंच गए हैं जहां से इजरायली सैनिक वापस चले गए थे और उन्होंने इजराइली सेना द्वारा लगाए गए अवरोधों को हटाना शुरू कर दिया है। साथ ही वे बिना विस्फोटकों की जांच कर रहे हैं। उन्होंने गांवों की ओर जाने वाली मुख्य सड़क को बंद कर दिया ताकि किसी को भी अंदर जाने से रोका जा सके। ऐसा सेना द्वारा वहां मौजूद विस्फोटकों की तलाश कर उन्हें नष्ट करने के मद्देनजर किया गया है। गांव के अधिकांश लोग अपने घरों की जांच करने के लिए सड़क के किनारे अनुमति का इंतजार कर रहे थे, लेकिन कुछ लोग सड़क के अवरोधकों को हटाकर अंदर चले गए। हालांकि, इजरायली सैनिक लेबनान के अंदर पांच रणनीतिक निगरानी बिंदुओं पर बने हुए हैं। यह लेबनानी अधिकारियों और उग्रवादी गुट हिजबुल्लाह समूह के लिए एक गंभीर मुद्दा है, जिन्होंने कहा है कि इजरायल को मंगलवार तक पूरी तरह से वापस लौटना होगा।



## ऑफ बीट

# पृथ्वी से बाहर खनन की होड़ ने पकड़ा जोर

जैसे-जैसे अंतरिक्ष अन्वेषण और उपनिवेशीकरण का विस्तार होगा, पृथ्वी से बाहर के संसाधन तेजी से बढ़ता एक बाजार बनाएंगे। अंतरिक्ष में गहराई से खोज करने और अन्य ग्रहों पर उपनिवेश स्थापित करने का अभियान पिछले दशक में तेज हो गया है। विषम वातावरण में भी मूल्यवान संसाधन और खनिज प्राप्त करना लंबे समय से मनुष्यों के लिए आकर्षक रहा है। बहुमूल्य संसाधनों की तलाश में खतरों का सामना करने का हमारा इतिहास रहा है। 1800 के दशक में सोने की दौड़ से लेकर अंतरिक्ष संसाधनों में हालिया उछाल तक, मनुष्य दुर्लभ और लाभदायक सामग्रियों को खोजने और इकट्ठा करने के लिए जोखिम उठाने को तैयार रहा है। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में प्रगति के साथ, हम सोने की अगली दौड़ के मुहाने पर हैं - लेकिन पृथ्वी पर नहीं। हाल की वैज्ञानिक और इंजीनियरिंग सफलताओं और व्यावसायिक हितों के आधार पर, अगले दशक में पृथ्वी से बाहर खनन शुरू होने की उम्मीद है। संभावित खनन स्थलों में चंद्रमा, मंगल, क्षुद्रग्रह और यहां तक कि धूमकेतु भी शामिल हैं। अनुमान है कि 2050 तक चंद्रमा पर खनन, विशेष रूप से चंद्रमा पर मौजूद जल का बाजार अरबों डॉलर तक का हो सकता है।



## X ट्रेंड f

### विवादित बातों का निषेध



छत्रपति संभाजी महाराज इनको लेकर विकिपीडिया पर लिखी गई विवादित बातों का हम निषेध करते हैं, राज्य सरकार ने आईजी साइबर को विकिपीडिया से बात कर विवादित बातों को हटाकर सही जानकारी प्रेषित करने का आदेश दिया है।

**-देवेन्द्र फड़नवीस, सीएम, महाराष्ट्र**

### मतदाताओं की चिंता



भारत के मुख्य न्यायाधीश को समिति से हटाकर, मोदी सरकार ने हमारी चुनावी प्रक्रिया की अखंडता पर करोड़ों मतदाताओं की चिंताओं को बढ़ा दिया है। नई सीईसी का चयन करने के लिए आधी रात को निर्णय लेना प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के लिए अपमानजनक और असभ्य दोनों है।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### शहीदों का महत्व



ये बेहद निंदनीय और अशोभनीय है कि देश के लिए शहीद होने से अधिक महत्व किसी और को दिया जा रहा है। जिन्होंने न आज़ादी दिलाने में कोई भूमिका निभाई, न ही आज़ादी बचाने में वो शहीदों का महत्व क्या जानें।

**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

### मल्टीटास्किंग मजेदार



मैं हमेशा अच्छी चीजें करने वाले अच्छे लोगों के साथ मिलती हूं... जब आप हंसते हैं, काम करते हैं और बुनाई करते हैं तो मल्टीटास्किंग मजेदार होती है!

**-काजोल, अभिनेत्री**

**हमारा पता**
**हरिभूमि कार्यालय**
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

### पीएम मोदी ने कतर के अमीर के साथ हैदराबाद हाउस में की बैठक

# व्यापार, ऊर्जा, निवेश, नवाचार, प्रौद्योगिकी खाद्य सुरक्षा में रणनीतिक साझेदारी बढ़ाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में कतर के अमीर तमीम बिन हमद अल थानी से मुलाकात की, जहां दोनों नेताओं ने प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। पीएम नरेंद्र मोदी ने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और कई वरिष्ठ मंत्रियों के साथ बातचीत का नेतृत्व किया।कतर के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अमीर तमीम बिन हमद अल थानी ने किया। उनके साथ कतर के वाणिज्य और उद्योग मंत्री शेख फैसल बिन थानी भी मौजूद रहे। भारत और कतर के बीच आय पर करों के संबंध में दोहरे कराधान से बचने और राजकोषीय चोरी की रोकथाम के लिए संशोधित समझौते पर पीएम मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी की मौजूदगी में दिल्ली के हैदराबाद हाउस में हस्ताक्षर किए गए। इस दौरान दोनों नेताओं ने व्यापार, ऊर्जा, निवेश, नवाचार, प्रौद्योगिकी, खाद्य सुरक्षा, संस्कृति और लोगों से लोगों के संबंधों पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत-कतर संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने का फैसला किया। उन्होंने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

*दोहरे कराधान से बचने व राजकोषीय चोरी की रोकथाम पर एमओयू किया*

*क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया*



**गार्ड ऑफ ऑनर दिया**

*कतर के अमीर तमीम बिन हमाद अल थानी का मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्हें राष्ट्रपति भवन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। अमीर अल थानी का राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम मोदी ने स्वागत किया। इसके बाद अमीर तमीम बिन हमाद अल थानी को सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों से मिलवाया गया। कतर के अमीर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ भी बैठक की। राष्ट्रपति भवन में कतर के अमीर के सम्मान में भोज का भी आयोजन किया गया।*



## बहुआयामी साझेदारी को गति मिलेगी: जयशंकर

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कतर के विदेश मंत्री के साथ एमओयू का आदान-प्रदान किया। विदेश मंत्रालय के अनुसार हाल के वर्षों में, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, संस्कृति और लोगों से लोगों के बीच संबंधों सहित दोनों देशों के बीच संबंध लगातार मजबूत हुए हैं। भारत और कतर के बीच मित्रता, विश्वास और आपसी सम्मान के गहरे ऐतिहासिक संबंध हैं। कतर में रहने वाला भारतीय समुदाय कतर का सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है और कतर की प्रगति और विकास में इसके सकारात्मक योगदान के लिए इसकी सराहना की जाती है। कतर के अमीर की यात्रा से दोनों देशों के बीच बढ़ती बहुआयामी साझेदारी को और गति मिलेगी।

**व्यापार में सहयोग**




## इन्वेस्ट कतर और इन्वेस्ट इंडिया के बीच समझौता

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत-कतर की भावी साझेदारी का आधार स्थिरता, प्रौद्योगिकी और उद्यमिता तथा ऊर्जा है। भारत-कतर संयुक्त व्यापार मंच के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। इस अवसर पर कतर के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री शेख फैसल बिन थानी बिन फैसल अल थानी मुख्य अतिथि थे। गोयल ने कहा कि दोनों देशों के बीच साझेदारी विश्वास, व्यापार और परंपरा की बुनियाद पर टिकी है। उन्होंने कहा कि व्यापार की शर्तें बदल रही हैं, ऊर्जा व्यापार से लेकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, क्वांटम कंडक्टिंग, सेमीकंडक्टर आदि जैसी उभरती हुई तकनीकें भी इसमें शामिल हैं। भू-राजनीतिक तनाव, जलवायु परिवर्तन, साइबर सुरक्षा खतरों और दुनिया भर में स्थानीयकरण पर ध्यान केंद्रित करने के संदर्भ में संपूर्ण विश्व एक बड़े परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है।

**युद्धविराम की कोशिशें जारी**

## रूस बोला- जेलेंस्की के साथ बात करने को पुतिन हैं तैयार



एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस की सरकार ने एक बड़ा बयान जारी करते हुए कहा है कि अगर जरूरी है तो राष्ट्रपति पुतिन, यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ बात करने के लिए तैयार हैं। रूस की तरफ से यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष विराम की कोशिश हो रही है और इसे लेकर सऊदी अरब में रूसी और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडलों की युक्रेन युद्ध को लेकर बैठक हुई है। मंगलवार को रूस के शीर्ष अधिकारी सऊदी अरब पहुंचे। क्रेमलिन के प्रवक्ता ने बताया कि रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के विदेश मामलों के सलाहकार यूरी उशाकोव ने सऊदी अरब की राजधानी रियाद में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज से मुलाकात की। अमेरिका-रूस के अधिकारी यूक्रेन में शांति और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने को लेकर वार्ता के लिए उच्च स्तरीय दल बनाने पर सहमत हो गए हैं।

**रूस और अमेरिका के शीर्ष अधिकारियों ने की चर्चा**

रियाद। रूस और अमेरिका के शीर्ष राजनयिकों ने मंगलवार को सऊदी अरब में मुलाकात के दौरान संबंधों को सुधारने तथा यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने के लिए बातचीत शुरू करने पर चर्चा की। यह बातचीत राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिकी विदेश नीति में एक बड़े बदलाव को दर्शाती है। इस बैठक में कोई भी यूक्रेनी अधिकारी मौजूद नहीं था और यह बैठक ऐसे समय में हुई जब संकटग्रस्त देश धीरे-धीरे लेकिन लगातार रूसी सैनिकों के खिलाफ अपनी जमीन खो रहा है। युद्ध को लगभग तीन वर्ष होने वाले हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि अगर कीव इस वार्ता में हिस्सा नहीं लेता है, तो उनका देश इस सप्ताह की वार्ता में लिए गए किसी भी फैसले को स्वीकार नहीं करेगा। यूरोपीय सहयोगियों ने भी चिंता जताई है कि उन्हें दरकिनार किया जा रहा है। बैठक में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

### शेख हसीना का यूनुस को पैगाम: इंशाअल्लाह लौटूंगी और आतंकवादियों की सरकार खत्म कर दूंगी

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** ।देश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस को 'आतंकवादी' करार दिया है। साथ ही उन्होंने मुल्क में हुई पुलिसकर्मियों की हत्या का बदला लेने की भी कसम खाई है। बीते साल जून-अगस्त में हुए प्रदर्शनों के दौरान 800 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई थी, जिसमें कई पुलिसकर्मी भी मारे गए थे। हसीना ने हाल ही में जूम लिंक के जरिए 5 विधवाओं और उनके बच्चों से बात की थी। मीटिंग को आवामी लीग के अध्यक्ष नजरुल इस्लाम की तरफ से आयोजित किया गया था। हम आतंकवादियों की इस सरकार को बाहर कर देंगे। इंशाअल्लाह।' उन्होंने कहा कि मैं लौटूंगी और हमारे पुलिसकर्मियों की मौत का बदला लूंगी। बता दें, हिंसा के दौरान कई पुलिसकर्मियों को भी निशाना बनाया गया था। सिराजगंज में एक दर्जन से ज्यादा पुलिस अधिकारियों की हत्या कर दी गई थी।

## नागरिकों के अधिकारों की रक्षा पुलिस की प्राथमिकता, तेजी से चार्जशीट दाखिल करें

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को नई दिल्ली में जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और सीएम उमर अबदुल्ला के साथ तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में लाए गए तीन नए पीड़ित-केंद्रित आपराधिक कानूनों के माध्यम से त्वरित न्याय सुनिश्चित करने में तकनीक का अधिकतम उपयोग करना चाहिए। उन्होंने जम्मू और कश्मीर में अप्रैल, 2025 तक तीनों कानूनों का पूर्ण कार्यान्वयन सुनिश्चित करने को कहा। नए कानूनों के पूर्ण कार्यान्वयन के लिए पुलिसकर्मियों और प्रशासन के दृष्टिकोण में बदलाव लाना और नागरिकों में इनके बारे में जागरूकता पैदा करना बहुत ज़रूरी है। आतंकवाद पर नियंत्रण में आई गति और सुरक्षा हालातों में सुधार के बाद, अब वहां के नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना जम्मू और कश्मीर पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए।

**शाह ने जम्मू कश्मीर में तीन नए आपराधिक कानूनों की समीक्षा की**

## 2027 तक दे देंगे 30 तेजस लड़ाकू विमान, जल्द से जल्द करेंगे डिलीवरी तीसरे प्लांट में काम शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने तेजस फाइटर जेट की डिलीवरी में देरी पर नाराजगी का इजहार किया। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की लेटलतीफी से वायु सेना की क्षमता प्रभावित हो रही है। वायु सेना प्रमुख की इस नाराजगी पर अब एचएएल के चेयरमैन डीके सुनील का जवाब आया है।

उन्होंने कहा कि वायु सेना को जल्दी से जल्दी तेजस फाइटर जेट्स की डिलीवरी शुरू की जाएगी। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि एचएएल तेजस विमानों की सप्लाई बढ़ाने के लिए नासिक वाले तीसरे प्लांट में काम शुरू हो चुका है। एचएएल चेयरमैन ने कहा कि इंजन एक बड़ी बाधा थी, लेकिन अब तकनीकी समस्याएं हल हो गई हैं और जीई (अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रॉनिक्स) पहला इंजन तैयार कर रहा है। मार्च में वे हमें दे देंगे।



# नासिक टीम ने देखा महाकुम्भ का प्रबंधन, हासिल की अहम जानकारी

## इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर का किया निरीक्षण, आपातकालीन व्यवस्थाओं को भी समझा

एजेंसी ⏭ महाकुम्भ नगर

योगी सरकार द्वारा महाकुम्भ 2025 को लेकर किए गए कुशल प्रबंधन और नई पहलों सो समझने के लिए नासिक की एक उच्च स्तरीय टीम मंगलवार को महाकुम्भ नगर पहुंची। इस टीम ने महाकुम्भ 2025 के विभिन्न आयोजन स्थलों, घाटों, अखाड़ों और अन्य प्रमुख स्थानों का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। साथ ही, आंतरिक यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, स्वच्छता व्यवस्था और विभिन्न प्रशासनिक पहलुओं पर भी जानकारी प्राप्त की। नासिक की टीम बुधवार को विभिन्न विभागों के साथ बैठक कर महाकुम्भ के लिए की गई तैयारियों को भी समझेगी। 2027 में नासिक में कुम्भ का आयोजन होना है।

### भव्य होगा नासिक कुम्भ 2027



20 सदस्यीय टीम का नेतृत्व डिवीजनल कमिश्नर डॉ. प्रवीन गेडाम ने किया। इसके अलावा टीम में विशेष पुलिस महानिरीक्षक दत्तात्रय कराले, जिलाधिकारी जलज शर्मा, नगर आयुक्त मनीषा खत्री और नासिक मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी के सीईओ माणिक गूर्सल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हैं। डॉ. प्रवीन गेडाम ने बताया कि नासिक में होने वाले कुम्भ मेला 2027 को

### हम भाषा या संस्कृति के तौर पर अलग हो सकते हैं, मगर धर्म के रूप में एक हैं: पवन कल्याण

**महाकुम्भ नगर** । सनातन आस्था के परम पवित्र पर्वों में सर्वोपरि महाकुम्भ-2025 आस्था, भक्ति, शांति, मुक्ति, पुण्य प्राप्ति के साथ ही कई मायनों में विशिष्ट महाआयोजन बन गया है। यही कारण है कि प्रतिदिन दिग्गजों का प्रयागराज मेला क्षेत्र तांता लगा ही रहता है जो त्रिवेणी संगम में स्नान कर और तीर्थराज प्रयागराज की सकारात्मकता को आत्मसात कर अभिभूत हो जाते हैं। ऐसी ही अनुभूति मंगलवार को साउथ फिल्म इंडस्ट्री के पावर स्टार के रूप में प्रख्यात प्रसिद्ध एक्टर, जनसेना पार्टी के सुप्रीमो तथा आंध्र प्रदेश के डिप्टी सीएम पवन कल्याण को भी हुई जिन्होंने त्रिवेणी संगम में स्नान कर खुद का जीवन धन्य माना। महाकुम्भ को मानवीय एकता का महान अवसर करार देते हुए पवन कल्याण ने कहा कि हम भाषा या संस्कृति के तौर पर अलग हो सकते हैं।

### महाकुम्भ का दिव्य-भव्य आयोजन प्रयागराज में टूर, ट्रैवेल और होटल इंडस्ट्री के लिए वरदान

महाकुम्भ नगर । आस्था, आनंद और आध्यात्म के महोत्सव महाकुम्भ में अब तक 55 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पवित्र संगम में स्नान कर चुके हैं। महाकुम्भ के सभी अमृत स्नान पूरे होने के बाद भी तीर्थराज प्रयागराज में श्रद्धालुओं के आने के उत्साह में कोई कमी नहीं।



प्रतिदिन करोड़ों की संख्या में तीर्थयात्री प्रयागराज में आ रहे हैं और पवित्र संगम में स्नान कर रहे हैं। ऐसे में प्रयागराज के होटल्स, होम स्टे और मेला क्षेत्र में बने लग्जरी कॉटेज 26 फरवरी और उसके बाद की तारीख के लिये भी प्री बुक चल रहे हैं। महाकुम्भ में करोड़ों की संख्या में आने वाले तीर्थयात्रियों से प्रयागराज में होटल और रेस्टोरेंट इंडस्ट्री को 20 से 30 फीसदी का बूस्ट मिला है, जिसमें 5 से 10 फीसदी मुनाफा हुआ है। इसके साथ ही टूर और ट्रैवल एजेंसी भी महाकुम्भ में भारी मुनाफा कमा रही हैं। प्रयागराज में होटल और रेस्टोरेंट की डिमांड में 20 से 30 फीसदी की वृद्धि विश्व में मानवों के सबसे बड़े समागम, महाकुम्भ में प्रतिदिन करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज में पवित्र संगम में स्नान कर रहे हैं। महाकुम्भ में प्रयागराज आने वाले तीर्थयात्रियों आने के क्रम में कोई कमी नहीं है।

### महाकुम्भ में पहुंचे केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और राज्यसभा सांसद डॉ. के. लक्ष्मण बोले यह दिव्य समागम

महाकुम्भ नगर । दुनिया के सबसे बड़े समागम को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिव्य और नव्य महाकुम्भ की संकल्पना को साकार कर दिखाया है, जिसे लेकर उत्तर भारत से दक्षिण भारत तक के लोगों का उत्साह चरम पर है। ये बातें महाकुम्भ



में मंगलवार को पहुंचे केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और राज्यसभा सांसद डॉ. के. लक्ष्मण ने संगम की रेती पर कहीं। उनका यह भी कहना था कि विश्व के सबसे बड़े आयोजन में कुछ लोग नेगेटिव बातें भी कर रहे, लेकिन आम आदमी उनकी सच्चाई समझते हैं।केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और राज्यसभा सांसद ने संगम में पवित्र स्नान किया। जिसके बाद उन्होंने कहा कि भारत का सनातन धर्म बहुत प्रबल है। श्रद्धालुओं के अपार जनसमूह को व्यवस्थित करने के लिए केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा सांसद ने योगी सरकार की सराहना की। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने महाकुम्भ में पवित्र संगम में स्नान किया और इस अद्वितीय अनुभव को भारतीय सनातन धर्म के श्रद्धालुओं के लिए एक अलौकिक घटना बताया।

## खबर संक्षेप

### आरपीएफ रिपोर्ट 'गलत, भ्रामक': रेल मंत्रालय

**नई दिल्ली (भाषा)।** रेल मंत्रालय ने मंगलवार को उन मीडिया खबरों को ''गलत और भ्रामक'' बताते हुए खारिज कर दिया, जिनमें रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की जांच का हवाला देते हुए बताया गया कि 15 फरवरी को नई दिल्ली स्टेशन पर भगदड़ की वजह ट्रेन का प्लेटफॉर्म आखिरी समय में बदलने की उदघोषणा' थी। आरपीएफ ने घटना की कोई जांच नहीं की है, उत्तरी रेलवे द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति द्वारा जांच की जा रही है।

### मानहानि केस में राहुल को पेशी से स्थायी छूट

**पुणे (भाषा)।** पुणे की एक विशेष अदालत ने हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर के विरुद्ध कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर दायर मानहानि मामले में इस बात का हवाला देते हुए मंगलवार को उन्हें पेशी से स्थायी छूट दे दी हैं।

### आज कांग्रेस महासचिवों और प्रभारियों की बैठक

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** कांग्रेस ने अपने राष्ट्रीय संगठन में बदलाव के बाद बुधवार को अपने महासचिवों और प्रदेश प्रभारियों की बैठक बुलाई है जिसमें संगठन को मजबूत बनाने पर मुख्य रूप से जोर दिया जाएगा। बैठक में संगठन को मजबूत करने के साथ ही बिहार विस चुनाव को लेकर चर्चा संभव है। माना जा रहा है कि इस बैठक में पिछले कुछ महीनों के विधानसभा चुनावों खासकर दिल्ली में पार्टी के निराशाजनक प्रदर्शन को लेकर भी विचार विमर्श किया जा सकता है।

## कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने अपना असहमित नोट 'एक्स' पर साझा किया

# राहुल ने सीईसी चयन को लेकर उठाए सवाल प्रधानमंत्री पद की गरिमा के प्रतिकूल बताया

राहुल ने आरोप भी लगाया कि के आदेश का उल्लंघन करके और प्रधान न्यायाधीश को समिति से हटाकर, मोदी सरकार ने चुनावी प्रक्रिया की ईमानदारी को लेकर करोड़ों मतदाताओं की चिंताओं को बढ़ा दिया है।

भाषा ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने नए मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) की नियुक्ति के बाद मंगलवार को आरोप लगाया कि ऐसे समय में यह निर्णय आधी रात को लेना पीएम मोदी और गृहमंत्री शाह के लिए गरिमा के प्रतिकूल है, जब चयन समिति की संरचना और प्रक्रिया को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई है और 48 घंटे से भी कम समय में सुनवाई होनी है। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि सरकार का यह कदम वर्ष 2023 में आए उच्चतम न्यायालय के आदेश की मूल भावना का घोर उल्लंघन है। पीएम मोदी की अध्यक्षता में सोमवार शाम को आयोजित चयन समिति की बैठक के बाद ज्ञानेश कुमार को भारत के नए सीईसी के रूप में नियुक्त किया गया। इस समिति में गृह मंत्री और राहुल गांधी भी शामिल हैं।

- राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने अपना असहमित नोट 'एक्स' पर साझा किया जिसमें उन्होंने पैरवी की थी कि न्यायालय की सुनवाई तक इस बैठक को टाला जाना चाहिए। यह बैठक सोमवार शाम संपन्न हुई और फिर देर रात कुमार के चयन की अधिसूचना जारी की गई। राहुल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''अगले मुख्य चुनाव आयुक्त का चयन करने के लिए हुई समिति की बैठक के दौरान मैंने पीएम और गृह मंत्री को असहमति नोट प्रस्तुत किया, जिसमें कहा गया था कि कार्यपालिका के हस्तक्षेप से मुक्त स्वतंत्र चुनाव आयोग का सबसे बुनियादी पहलू चुनाव आयुक्त और मुख्य चुनाव आयुक्त को चुनने की प्रक्रिया है।''

### सुको में चुनौती दी

उन्होंने आरोप लगाया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश का उल्लंघन करके और भारत के प्रधान न्यायाधीश को समिति से हटाकर, मोदी



सरकार ने चुनावी प्रक्रिया की ईमानदारी को लेकर करोड़ों मतदाताओं की चिंताओं को बढ़ा दिया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ''नेता प्रतिपक्ष के रूप में यह मेरा कर्तव्य है कि मैं बाबासाहेब आंबेडकर और हमारे नीति निर्माता नेताओं के आदर्शों को कायम रखूं और सरकार को जिम्मेदार ठहराऊं। राहुल ने कहा कि समिति की संरचना और प्रक्रिया को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई है। ऐसे समय में नए सीईसी का चयन करने के लिए आधी रात को निर्णय लेना प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की गरिमा के प्रतिकूल और असभ्य दोनों है।

### आज मुख्य निर्वाचन आयुक्त, निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्तियों के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और निर्वाचन आयुक्तों (ईसी) की नियुक्तियों के खिलाफ दायर याचिकाओं पर 19 फरवरी को ''प्राथमिकता के आधार'' पर सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ को एक गैर सरकारी संगठन की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने सूचित किया कि संविधान पीठ के 2023 के फैसले में कहा गया था कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और



निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्तियां ऐसा पैनल करेगा जिसमें भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) भी शामिल होंगे लेकिन सरकार ने सीजेआई को इसमें शामिल नहीं किया और इस तरह से ''लोकतंत्र का मजाक'' उड़ाया। उन्होंने कहा कि यह मामला 19 फरवरी के लिए सूचीबद्ध है लेकिन इसे 'आइटम नंबर' 41 के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। सरकार ने संविधान पीठ के दृष्टिकोण की अनदेखी करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त, निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति की है। कृपया इसे पहले उठाएं क्योंकि मामले पर तत्काल विचार करने की आवश्यकता है।'' याचिकाकर्ता जया ठाकुर की ओर से पेश हुए अधिवक्ता वरुण ठाकुर ने कहा कि सरकार ने नए कानून के तहत तीन नियुक्तियां की हैं जिन्हें चुनौती दी गई है। पीठ ने भूषण और अन्य पक्षों को आश्वासन दिया कि कुछ अत्यावश्यक सूचीबद्ध मामलों के बाद वह 19 फरवरी को सुनवाई के लिए याचिकाओं पर विचार करेगी।

### निर्वाचित सरकार के संवैधानिक जनादेश को कमतर आंक रहे हैं राहुल:भाजपा



**नई दिल्ली (भाषा)।** भाजपा ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति संबंधी नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आरोपों को मंगलवार को खारिज करते हुए इसे 'राजनीति से प्रेरित' बताया और उन पर 'दुर्भावनापूर्ण' न्यायिक सक्रियता के जरिए निर्वाचित सरकार के संवैधानिक जनादेश को कमतर आंकने का आरोप लगाया। भाजपा की यह प्रतिक्रिया गांधी के उस आरोप के मद्देनजर आई, जिसमें उन्होंने कहा था कि जब चयन समिति की संरचना और प्रक्रिया को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई है। भाजपा के सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने पलटवार करते हुए कहा कि सीईसी की नियुक्ति पर राहुल गांधी की असहमति न केवल 'राजनीति से प्रेरित' है, बल्कि इसमें दम नहीं है। उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि यह दुर्भावनापूर्ण न्यायिक सक्रियता के माध्यम से चुनी हुई सरकार के संवैधानिक जनादेश को कमजोर करने का प्रयास है। इसके अतिरिक्त, यह सीईसी की नियुक्ति पर उच्चतम न्यायालय के फैसले की गलत व्याख्या करता है।

# महाकुंभ 'मृत्यु कुंभ' बन गया है: ममता बनर्जी

भाषा ⏭ कोलकाता



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री बनर्जी ने विधानसभा को संबोधित किया

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को दावा किया कि हाल में हुई भगदड़ की घटनाओं के मद्देनजर महाकुंभ 'मृत्यु कुंभ' बन गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस महाकुंभ में मरने वालों की वास्तविक संख्या को छिपाया गया है। पिछले महीने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में मची भगदड़ में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई और 60 घायल हो गए, वहीं हाल में नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में 18 लोगों की जान चली गई। बनर्जी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा को संबोधित करते हुए दावा किया, ''महाकुंभ 'मृत्यु कुंभ' बन गया है। उन्होंने (भाजपा सरकार ने) मौतों की संख्या कम दिखाने के लिए सैकड़ों शवों को छिपा दिया।'' मुख्यमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों पर निशाना साधते हुए दावा किया, ''भाजपा विधायक मेरा सामना करने से डरते हैं, इसलिए जब भी मैं बोलती हूं तो वे सदन का बहिष्कार करते हैं।'' बनर्जी ने मुस्लिम लीग से उन्हें जोड़ने के आरोपों का जवाब देते हुए ऐसी टिप्पणियों की कड़ी निंदा की।

### केरल: कॉलेज में रैगिंग, हफ्ते में तीसरा मामला

# छात्र को वरिष्ठों ने बेल्ट और लाठियों से पीटा, सात सस्पेंड

- पुलिस ने केस दर्ज किया, छह थर्ड ईयर और एक सेकेंड ईयर का छात्र

भाषा ⏭ तिरुवनंतपुरम

केरल के तिरुवनंतपुरम में एक सरकारी कॉलेज के छात्र ने रैगिंग का आरोप लगाते हुए दावा किया कि उसके वरिष्ठों ने उसकी बेरहमी से पिटाई की। पीड़ित की शिकायत पर 7 वरिष्ठ छात्रों को सस्पेंड कर दिया गया। आरोपियों में से छह थर्ड ईयर और एक सेकेंड ईयर का छात्रा है।

पुलिस ने भी केस दर्ज कर लिया है। केरल में एक हफ्ते में रैगिंग का यह तीसरा केस है। कार्यवत्तोम सरकारी कॉलेज में प्रथम वर्ष के बायोटेक्नोलॉजी के छात्र बिन्स जोस ने मंगलवार को बताया कि 11 फरवरी को परिसर में सात वरिष्ठ छात्रों के एक समूह ने उसकी कथित तौर पर पिटाई की, उसका उत्पीड़न किया और धमकी दी। कोट्टायम के सरकारी नर्सिंग कॉलेज में कनिष्ठ छात्र का क्रूर तरीके से शारीरिक उत्पीड़न का मामला केरल में व्यापक जन आक्रोश का मुद्दा बना हुआ है। जोस ने बताया कि उसने मारपीट के दिन ही पुलिस और कॉलेज प्रशासन के समक्ष शिकायत दर्ज करा दी थी। पीड़ित ने मंगलवार को बताया, यह घटना उस समय हुई जब मैं और मेरा दोस्त अभिषेक कैंपस से गुजर रहे थे। तभी वरिष्ठ छात्रों के एक समूह ने हमें रोक लिया और मुझे पीटना शुरू कर दिया। मेरा दोस्त वहां से भाग निकला और प्राधानाचार्य को जानकारी दी।

### समकालीन सुरक्षा चुनौतियों पर संयुक्त युद्ध केंद्र सरकार ने जारी किए दो प्रकाशन

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** रक्षा मंत्रालय के एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय के तहत आने वाले संयुक्त अध्ययन युद्ध केंद्र ने मंगलवार को दो महत्वपूर्ण प्रकाशन जारी किए। जिनका संबंध रणनीतिक विचार और नीतिगत संवाद से है। दोनों के जरिए केंद्र समकालीन रणनीतिक मुद्दों पर बौद्धिक जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि करता है। अब यह दोनों प्रकाशन मोनाग्राफ सिनर्जी जर्नल के रूप में उपलब्ध हैं, जो नीति निर्माताओं, सैन्य पेशेवरों, शोधकर्ताओं और शैक्षणिक संस्थानों के लिए आवश्यक संसाधन के रूप में कार्य करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि आईडीएस के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल जेपी मैथ्यू ने प्रमुख पत्रिका सिनर्जी के फरवरी के अंक को जारी किया।

### बहुजन आंदोलन का गला काटने वालों को घर बैठाना होगा: उदित राज

**नई दिल्ली(भाषा)।** कांग्रेस नेता उदित राज ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती से संबंधित अपनी एक कथित विवादित टिप्पणी को लेकर मंगलवार को सफाई देते हुए कहा कि उन्होंने महाभारत काल का उदाहरण देते हुए बयान दिया था। उन्होंने मायावती पर फिर से निशाना साधते हुए कहा कि बहुजन आंदोलन का गला काटने वालों को घर बैठाने का समय आ गया है। पूर्व सांसद उदित राज ने सोमवार को लखनऊ में मायावती पर निशाना साधते हुए दावा किया



- मायावती के 'दुर्व्यवहार, भ्रष्टाचार, लालच' के बावजूद बसपा की 'राजनीतिक ताकत बरकरार'

था कि उनके ''दुर्व्यवहार, भ्रष्टाचार और लालच'' के बावजूद उनकी ''राजनीतिक ताकत लंबे समय तक बरकरार रही''। उन्होंने यह भी कहा था कि मायावती ने सामाजिक आंदोलन का गला घोंट दिया है।

### अंत्योदय से सर्वोदय उत्तर प्रदेश सरकार का मंत्र : राज्यपाल

भाषा ⏭ लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को कहा कि 'अंत्योदय से सर्वोदय' उत्तर प्रदेश सरकार का मंत्र है। विधानमंडल के बजट सत्र के पहले दिन मंगलवार को दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि समाज के आखिरी पायदान पर खड़े आर्थिक दृष्टि से सबसे कमजोर परिवारों को विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए सरकार ने गांधी जयंती के अवसर पर (दो अक्टूबर 2024) से 'जीरो पावर्टी'



अभियान की शुरुआत की है। सदस्यों को वितरित की गई राज्यपाल के अभिभाषण की प्रति के अनुसार पटेल ने कहा कि योजना के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत से निर्धनतम परिवारों को चिन्हित करते हुए उनकी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

### ओडिशा के कलिंगा यूनिवर्सिटी में नेपाली छात्रा की मौत, तीन डायरेक्टर समेत छह गिरफ्तार

भाषा ⏭ भुवनेश्वर

- प्रशासन ने कुछ नेपाली छात्रों को छात्रावास से बाहर निकाला
- मृतक छात्रा प्रकृति लाम्साल बीटेक तृतीय वर्ष की छात्रा थी

ओडिशा के भुवनेश्वर में कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (केआईआईटी) के हॉस्टल में नेपाली छात्रा का शव बरामद के मामले में अबतक 6 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। छात्रा के बैचमेट भारतीय छात्र के बाद मंगलवार को केआईआईटीके तीन डायरेक्टर और दो सिक्योरिटी गाड्र्स को गिरफ्तार किया गया। इस मामले की जांच के लिए ओडिशा सरकार ने मंगलवार को गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रमुख सचिव और उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त-सह-सचिव वाली हाई लेवल फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन किया है। दरअसल, 16 फरवरी की शाम बी-टेक थर्ड ईयर की छात्रा प्रकृति लामसाल का शव कॉलेज के हॉस्टल में मिला था। कहा गया कि उसने आत्महत्या की है। छात्रा की मौत पर कॉलेज के अन्य इंटरनेशनल छात्रों यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया।

#### संस्थान ने मांगी माफी

संस्थान ने कहा कि 'हमारे दो अधिकारियों द्वारा की गई टिप्पणियां बेहद गैर-जिम्मेदाराना हैं। इंजीनियरिंग संस्थान ने पूरे प्रकरण पर माफी मांगी और दावा किया कि उसने अपने छात्रों के साथ कभी कोई अहित नहीं किया है। केआईआईटी ने कहा कि संस्थान 16 फरवरी की शाम को परिसर में हुई घटना से भयभीत था और आंदोलनकारी छात्रों के साथ कुछ कर्मचारियों के व्यवहार से शर्मिंदा है।

#### पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार को सौंपा

ओडिशा पुलिस ने मंगलवार को भुवनेश्वर के एम्स में पोस्टमार्टम के बाद नेपाली छात्रा का शव उसके पिता को सौंप दिया, जबकि इस घटना को लेकर राज्यव्यापी आक्रोश फैल गया है और विधानसभा में भी यह मुद्दा उठाया गया। केआईआईटी में बीटेक (कंप्यूटर साइंस) तृतीय वर्ष की छात्रा प्रकृति लम्साल (20) ने रविवार दोपहर को छात्रावास के कमरे में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी, जिसके बाद परिसर में अशांति फैल गई।

## 'परीक्षा पे चर्चा-2025' का अंतिम आठवां एपिसोड प्रसारित

# टॉपर्स ने छात्रों को दिया एग्जाम वॉरियर बनने का मंत्र

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन पर आधारित 'परीक्षा पे चर्चा-2025' (पीपीसी) का मंगलवार को अंतिम आठवां एपिसोड प्रसारित किया गया। जिसमें देश के विभिन्न बोर्ड से लेकर आईआईटी-जेईई और यूपीएससी जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं के 8 टॉपर्स ने अपनी सफलता की अनोखी कहानियों के जरिए छात्रों को एग्जाम वॉरियर बनने के लिए कई जरूरी मंत्र दिए। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एक्स पर एक वीडियो साझा कर यह जानकारी दी। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट में छात्रों से परीक्षा पे चर्चा के इस आखिरी रोचक एपिसोड को देखने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस एपिसोड में एग्जाम वॉरियर्स आपको बताएंगे कि कैसे वे तनाव पर विजय पाते हैं और परीक्षा के दौरान प्रेरित रहते हैं?

### 8 टॉपर्स बोले-कमजोरियों पर नहीं, ताकत पर ध्यान दें

पीपीसी के अंतिम एपिसोड में जो 8 टॉपर शमिल हुए। इनमें सीबीएसई टॉपर-2022-23 राधिका सिंघल, आईसीएसई टॉपर-2022-23 शुचिस्मिता अधिकारी, दो पीपीसी के पूर्व छात्र ब्रह्मचारिमयम निष्ठा (एमबीबीएस छात्रा, मणिपुर विवि) और आईआईटी दिल्ली के छात्र आशीष कुमार वर्मा, 2023 के आईआईटी-जेईई के एआईआर-1 व आईआईटी बॉम्बे के छात्र चिद्विलास रेड्डी और क्लैट एआईआर-1 व एनएलयू बेंगलुरु के छात्र जयकुमार बोहरा और एनडीए-2024 एआईआर-1 अमनप्रीत सिंह और यूपीएससी-2022 एआईआर-1 इशिता किशोर शामिल हैं।

एक अन्य टॉपर ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें प्रश्नों को लेकर घबराना नहीं चाहिए। बस अपनी तैयारी पर पूरा भरोसा होना चाहिए। सबका पढ़ने का तरीका अलग-अलग होता है। यह संभव नहीं कि एक ही पद्धति सभी पर समान रूप से लागू हो। लेकिन मैं परीक्षा के समय पर लंबे वाक्य लिखने के बजाय छोटे वाक्यों, चार्ट और एरो की मदद से तैयारी करना पसंद करता था।

#### परीक्षाओं को पूरा जीवन समझना बड़ी भूल

टॉपर्स ने छात्रों से अपील की कि वो परीक्षाओं को कभी भी अपना पूरा जीवन मानकर न चलें। क्योंकि ये हमारे जीवन का एक हिस्सा मात्र हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से पहले 360 डिग्री की अप्रोच अपनानी चाहिए। पढ़ाई के साथ-साथ बाकी गतिविधियों पर भी ध्यान देना चाहिए। परीक्षा की तैयारी के दौरान सात से आठ घंटे तक पढ़ाई करो, फिर अपनी कोई हॉबी को फॉलो करो। साथ ही इस बात पर भी ध्यान रहे कि बच्चों को दिनभर के आपके कार्यक्रम के दौरान आठ घंटे की पर्याप्त नींद लेना बेहद जरूरी है।

#### रिविजन से आएगा तैयारी पर भरोसा

सभी आठों टॉपर्स ने छात्रों को परीक्षा के दौरान तनाव पर ध्यान न देते हुए केवल अपनी तैयारी पर फोकस करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अधिकतर बच्चे पाठ्यक्रम को देखकर डर जाते हैं। जबकि हमारा ध्यान ज्यादा से ज्यादा सवालों को हल करने पर होना चाहिए। जितनी ज्यादा रिविजन होगी, परीक्षा तैयारी को लेकर उतना भरोसा बढ़ेगा।

**पूरा ध्यान सीखने पर रखें**

सीबीएसई टॉपर राधिका सिंघल ने कहा कि छात्रों का पूरा जोर सीखने पर होना चाहिए। क्योंकि परीक्षाएं तो महज औपचारिकता हैं। हमेशा खुश रहें लेकिन कभी पूरी तरह से संतुष्ट न हो। क्योंकि संतुष्ट हो जाने पर नया सीखने का मन नहीं करता। टॉपर्स ने छात्रों से अपने मन की बात को अपने दोस्तों और अभिभावकों से साझा करने की अपील की।

### असम के कछार में भारत-बांग्लादेश सीमा पर रात्रि कर्फ्यू लागू

**सिलचर (भाषा)।** असम के कछार जिला प्रशासन ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर चरमपंथी तत्वों की आवाजाही के अलावा मवेशियों एवं वस्तुओं की तस्करी को रोकने के लिए मंगलवार को रात्रि कर्फ्यू लगा दिया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी। विज्ञप्ति के मुताबिक कछार के जिलाधिकारी मृदुल यादव ने सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए भारत-बांग्लादेश सीमा पर कड़े प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। जिलाधिकारी ने संभावित खतरों से निपटने के लिए निवारक उपायों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25